दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

ताज़ा खबरें और ई-पेपर पाने के लिए अभी स्कैन करें!

वर्षः 17 | अंक 30 | सीकर, शनिवार 28 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# सेना 800 किमी. रेंज वाली ब्रह्मोस क्रूज-मिसाइल खरीदेगी

## अभी 450किमी. तक निशाना साधने वाली मिसाइल मौजूद, ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल हुआ था



नई दिल्ली।

भारतीय सेना 800 किमी से ज्यादा रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की तैयारी में है। फिलहाल सेना के पास 450 किमी तक मारक क्षमता वाली ब्रह्मोस मिसाइल मौजूद है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, रक्षा अधिकारियों ने बताया कि सेना इस नए वर्जन का बड़ा ऑर्डर देने की योजना बना रही है। रक्षा मंत्रालय की उच्चस्तरीय बैठक में इस प्रस्ताव को जल्द मंजूरी मिल सकती है। मई 2025 में भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल किया गया था। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान एयरफोर्स के कई ठिकानों को निशाना बनाया था। अब 800 किमी की रेंज वाले नई मिसाइलों के आने के बाद दिल्ली से ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को निशाना बनाया जा सकेगा। दिल्ली और इस्लामाबाद की हवाई दूरी 700 किमी है।

### मिसाइल फोर्स और ड्रोन पर बढ़ रहा फोकस

भारतीय सेना एक समर्पित मिसाइल फोर्स बनाने और मिसाइलों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रही है। सेना अपने वर्कशॉप में ड्रोन का बड़े पैमाने पर निर्माण भी कर रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग ने लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों की अहमियत को और बढ़ा दिया है। नई पीढ़ी के युद्ध को देखते हुए सेना बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल शामिल कर रही है। इसके तहत आर्टिलरी और इन्फैंट्री यूनिट्स में स्पेशल ड्रोन रेजिमेंट और प्लाटून बनाए जा रहे हैं।

### भारत-रूस का संयुक्त प्रोजेक्ट है ब्रह्मोस

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल भारत और रूस का संयुक्त प्रोजेक्ट है, जिसका अधिकांश हिस्सा अब स्वदेशी हो चुका है। यह मिसाइल तीनों सेनाओं के पास है और इसे हवा, समुद्र और जमीन से हमले के लिए इस्तेमाल किया जाता है। ब्रह्मोस को भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और रूस के फेडरल स्टेट यूनिटरी इंटरप्राइज एनपीओएम के बीच साझा समझौते के तहत विकसित किया गया है। ब्रह्मोस एक मध्यम श्रेणी की स्टील्थ रैमजेट सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इस मिसाइल को जहाज, पनडुब्बी, एयरक्राफ्ट या फिर धरती से लॉन्च किया जा सकता है। रक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, ब्रह्मोस का नाम भगवान ब्रह्मा के ताकतवर शस्त्र ब्रह्मास्त्र के नाम पर दिया गया। हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया गया है कि इस मिसाइल का नाम दो नदियों भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर रखा गया है।

# पिकअप ट्रेलर में घुसी, 8 की मौत

## मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे; प्रयागराज से मुंडन कराकर लौट रहे थे



कौशांबी।

कौशांबी में श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप ट्रेलर से टकरा गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। 29 लोग घायल हैं। सभी प्रयागराज से मुंडन कराकर अपने घर फतेहपुर जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि घायल पिकअप से उछलकर सड़क पर जा गिरे। काफी देर तक जमीन पर पड़े तड़पते रहे। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को फोन किया, साथ ही खुद भी घायलों को संभाला। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्रयागराज रेफर किया गया है। 27 घायलों का इलाज जिला अस्पताल और सीएचसी में चल रहा है। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4 बजे नेशनल हाईवे पर डोरमा के पास हुआ। सीएम योगी ने मृतकों के घरवालों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। साथ ही घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने भी हादसे पर दुख जताया है।

फतेहपुर जिले के जाफरगंज थाना क्षेत्र के कुरोली गांव निवासी राजन के 2 साल के बेटे शुभम का शुक्रवार को मुंडन संस्कार था। इसके लिए परिवार ने किराए पर पिकअप बुक की। करीब 37 लोग पिकअप से प्रयागराज के संगम पहुंचे। मुंडन के बाद सभी घर लौट रहे थे। रास्ते में डोरमा पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे एक ट्राला खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पीछे से ट्राला में जा घुसी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि पिकअप ड्राइवर को झपकी लगने से हादसा हुआ।

आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े हादसे के बाद घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

घायलों को अस्पताल भेजने के लिए 8 एम्बुलेंस लगाई गईं। अस्पताल ले जाते समय 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य का इलाज जारी है। हादसे के चलते कुछ देर तक हाईवे पर जाम भी लगा रहा।

## पीएम मोदी की ईरान जंग पर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक

# टीम इंडिया की तरह काम करना होगा : मोदी





नई दिल्ली।

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया के हालात को लेकर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी राज्य टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें और अपनी तैयारियां मजबूत रखें। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। इसमें प्रधानमंत्री ने राज्यों से उनकी तैयारियों और योजनाओं की जानकारी ली। यह पहली बार है जब इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की।

इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। चुनाव आचार संहिता लागू होने की वजह से चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे पहले सरकार ने कहा कि देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू समेत तीन मंत्रियों ने लॉकडाउन की खबरों को गलत बताया है।

### पेट्रोलियम मंत्रालय की 5 बड़ी बातें...

**कीमतें बढ़ीं, सप्लाई प्रभावितः** पश्चिम एशिया के संघर्ष से क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम उत्पाद महंगे हुए, सप्लाई चेन पर असर पड़ा। पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए गए हैं।

**भारत के पास पर्याप्त स्टॉकः** देश में अगले 2 महीनों के लिए कच्चा तेल उपलब्ध है। एलपीजी, एनएलजी और पीएनजी की सप्लाई भी पहले की तरह जारी है।

**रेस्टोरेंट, ढाबों को प्राथमिकता दी गईः** सरकार ने पहले कॉमर्शियल सप्लाई घटाई, फिर धीरे-धीरे बढ़ाकर अब 70% तक कर दी। 14 मार्च से अब तक 30,000 टन एलपीजी सप्लाई की गई। रेस्टोरेंट, ढाबों को प्राथमिकता दी गई है।

**अफवाहों से पंपों पर भीड़ः** कुछ जगहों पर लंबी कतारें दिखीं, लेकिन सरकार ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल-डीजल या गैस की कोई कमी नहीं है।

**एलपीजी प्रोडक्शन बढ़ाः** देश की सभी रिफाइनरी 100 फीसदी कैपेसिटी से काम कर रही हैं। देश में घरेलू एलपीजी प्रोडक्शन 40% बढ़ा है।

### लॉकडाउन पर राहुल-खड़गे का बयान

**राहुल गांधीः** मोदी जी ने कह दिया कि कोविड जैसा समय आने वाला है। कोविड में जो किया था वो भूल गए कि कितने लोग मरे थे। कैसी दुखद स्थिति हुई थी।

**मल्लिकार्जुन खड़गेः** कोविड के दौरान हुई दुखद पीड़ा को नहीं भूला जा सकता। ऐसे में पीएम क्या 140 करोड़ भारतीयों को एक बार फिर खुद ही ऊर्जा संकट के साथ-साथ भोजन, उर्वरक और महंगाई के बढ़ते दबाव जैसे संकट का सामना करने के लिए कह रहे हैं।

### राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रियों का ग्रुप बना

इधर, केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर नजर रखने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रियों का एक ग्रुप बनाया है। इसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण और हरदीप पुरी भी शामिल हैं।

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल की तरफ से ईरान पर हमले के बाद युद्ध शुरू हुआ था। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में जवाबी हमले किए। अब यह युद्ध चार हफ्ते से जारी है और इसके जल्द खत्म होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। इस संकट का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ा है, खासकर तेल और गैस की कीमतों पर।

### रूसी राष्ट्रपति ने कहा था- जंग की तुलना कोविड से की जा रही

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि खाड़ी जंग के दोषियों सहित कोई भी व्यक्ति दुनिया पर इसके पड़ने वाले परिणामों का अनुमान नहीं लगा सकता। इसकी तुलना कोविड महामारी से ही की जा सकती है, जिसके गंभीर परिणाम निकले थे।

# केंद्र ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रु प्रति लीटर घटाई





नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी कम करने का ऐलान किया है। इसके बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी कम होकर 3 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर शून्य हो गई है। इसका उद्देश्य अमेरिका, इजरायल-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में आए उछाल के प्रभाव को सीमित करना है। सरकार ने ईंधन के निर्यात और विदेशी विमानों को आपूर्ति किए जाने वाले ईंधन पर भी एक्साइज शुल्क में छूट प्रदान की है। इसके अलावा, केंद्र ने 2022 की एक पूर्व अधिसूचना को रद्द कर दिया है और आयातित विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) पर एक्साइज ड्यूटी में राहत प्रदान की है। उम्मीद की जा रही है कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियां (ओएमसी) बढ़ते नुकसान की भरपाई के लिए इस कटौती को स्वयं समायोजित करेंगी। अनुमान है कि ओएमसी को वर्तमान में ईंधन की बिक्री पर लगभग 48.8 रुपए प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है, जिसका मुख्य कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि है। मध्यू पूर्व में तनाव के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल दर्ज किया गया है। बीते एक महीने में बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का दाम करीब 40 प्रतिशत बढ़ चुका है। फिलहाल यह 101 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। सरकार ने गुरुवार को स्पष्ट रूप से कहा कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की कि वे जानबूझकर चलाए जा रहे दुर्भावनापूर्ण और सुनियोजित दुष्प्रचार अभियान से गुमराह न हों, जिसका उद्देश्य अनावश्यक दहशत फैलाना है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि भारत के पास कुल 74 दिनों का भंडार है और वर्तमान में लगभग 60 दिनों का वास्तविक स्टॉक है (जिसमें कच्चे तेल का भंडार, उत्पाद भंडार और गुफाओं में बनाए गए विशेष रणनीतिक भंडारण शामिल हैं)।

# ईरान ने मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखा, इजराइल पर दागीं

## इन पर पाकिस्तान का भी नाम, जंग में समर्थन पर आभार जताया

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान ने इजराइल पर 83वीं बार मिसाइल हमला किया। इस बार मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखकर भेजा गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि ईरानी सैनिक मिसाइलों पर थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया लिख रहे हैं। इसी तरह स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी के लिए भी संदेश लिखे गए। ईरान ने कहा कि यह कदम उन देशों के प्रति आभार जताने के लिए है जिन्होंने उसका समर्थन किया। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुताबिक, यह 83वीं स्ट्राइक थी, जिसमें लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलें और ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमलों में इजराइल के ठिकानों के साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। बहरीन में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला होने का दावा किया गया है।




### यूक्रेन और सऊदी अरब ने रक्षा सहयोग समझौता किया

यूक्रेन और सऊदी अरब के बीच शुक्रवार को रक्षा सहयोग को लेकर समझौता हुआ है। इससे दोनों देशों के बीच सैन्य और तकनीकी साझेदारी मजबूत होगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यह समझौता भविष्य में रक्षा क्षेत्र में कई प्रोजेक्ट्स का रास्ता खोलेगा।

# 15 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** आबूसर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में खुदरा उर्वरक विक्रेताओं के लिए आयोजित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु सैनी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, झुंझुनु थे। सैनी ने समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को कृषक हित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया जिससे पैदावार में वृद्धि हो सके और लागत कम हो। इस हेतु संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन को आवश्यक बताया। केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दयानंद ने बताया कि भारत सरकार की मंशा के अनुरूप कृषि आदान विक्रेताओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं को उत्पादों की सही जानकारी होने से वे किसानों को उचित मार्गदर्शन दे सकेंगे, जिससे लागत कम होगी और उत्पादन में वृद्धि होगी। 13 मार्च से शुरू हुए इस प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मिट्टी परीक्षण, फसल पोषण और संबंधित सरकारी नियमों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ दयानंद ने बताया कि यह केवीके का 15वां बैच है। इससे पहले 14 बैच सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं, जिनमें जिले के युवाओं, बेरोजगारों, उद्यमियों और सहकारी समितियों के कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद प्रतिभागी अब उर्वरक लाइसेंस के लिए आवेदन करने के पात्र हो गए हैं।

इससे उन्हें स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और जिले के किसानों को प्रशिक्षित व जागरूक विक्रेता उपलब्ध हो सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन कीट विशेषज्ञ राजेन्द्र नागर ने किया एवं केन्द्र के देवी सिंह सैनी, रमन मीणा, देवीलाल आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा में गूंजी शेखावाटी की आवाज

## सांसद ओला ने उठाई रेल सुविधाओं से जुड़ी अहम मांगें

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** झुंझुनू सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने शुक्रवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान शेखावाटी क्षेत्र की लंबे समय से लंबित रेल समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने क्षेत्र के लाखों लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें केंद्र सरकार के सामने रखीं। सांसद ओला ने सबसे पहले लोहारू-झुंझुनू-सीकर रेलखंड के नारी और भावठड़ी स्टेशनों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि ये स्टेशन मीटर गेज के समय सक्रिय थे लेकिन ब्रॉडगेज में बदलाव के बाद यहां न तो डबल लाइन है और न ही आधुनिक सिग्नल व्यवस्था, जिसके कारण ये स्टेशन निष्क्रिय हो गए हैं। उन्होंने इन स्टेशनों पर लूप लाइन और आधुनिक सिग्नल सिस्टम विकसित कर पुनः संचालन शुरू करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने लोहारू से जयपुर वाया रींगस होते हुए



सवाई माधोपुर तक दैनिक इंटरसिटी ट्रेन चलाने की मांग रखी। सांसद ने कहा कि इस रूट पर हजारों छात्र, मरीज और व्यापारी रोजाना यात्रा करते हैं लेकिन सीधी रेल सुविधा के अभाव में उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तीसरी महत्वपूर्ण मांग के रूप में उन्होंने शेखावाटी क्षेत्र को पूर्वोत्तर भारत से जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने अजमेर, जोधपुर, गंगानगर और हनुमानगढ़ से वाया सीकर-झुंझुनू होकर गुवाहाटी/कामाख्या तक सीधी रेल सेवा शुरू करने का प्रस्ताव रखा। इससे पूर्वोत्तर में तैनात सैनिकों, प्रवासी श्रमिकों और श्रद्धालुओं को सीधा लाभ मिलेगा। सांसद ओला ने सुरक्षा से जुड़ा एक अहम मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि अरड़ावता-नारी रोड पर रेल क्रॉसिंग पर अंडरपास नहीं होने के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर पटरियां पार करनी पड़ती हैं। उन्होंने यहां शीघ्र अंडरपास निर्माण की मांग की ताकि आमजन का आवागमन सुरक्षित हो सके। सांसद ने उम्मीद जताई कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई होती है तो झुंझुनू सहित पूरे शेखावाटी क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल सुविधाएं मिलेगी और क्षेत्र का संपर्क देश के अन्य हिस्सों, विशेषकर पूर्वोत्तर राज्यों से और मजबूत होगा।

### कोबरी-सार



# रक्तदान शिविर आयोजित




निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** राधेश्याम आरआर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में डॉ जगदीश प्रसाद कड़वासरा ने 72 वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ कड़वासरा ने रक्तदान करते हुए युवाओं को प्रेरित करने का काम किया और यह कहा कि यदि एक युवा छात्र या छात्रा साल में चार बार रक्तदान करता है तो न केवल वह स्वयं स्वस्थ रहता है अपितु कम से कम एक साल में चार लोगों की जान को बचा सकता है तो इसलिए हम सब जो रक्तदान करने की योग्य हैं, समय-समय पर रक्तदान करें। असहाय एवं जरूरतमंद की जान बचाने का एक मानवीय कार्य करें। इस अवसर पर राधेश्याम आर आर मुरारका जो झुंझुनू के प्रथम सांसद रहे, उनके 103 वें जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में सेवा ज्योति श्री राधेश्याम आरआर मुरारका चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा डॉ कड़वासरा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि नवलगढ़ एसडीएम कुलदीप सिंह शेखावत, महावीर सिंह शेखावत, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार महला व सेवा ज्योति के हेड द्वारा भामाशाह गौतम मुरारका के माध्यम से दिया गया। डॉ कड़वासरा को इसी प्रकार रक्तदान करते रहने एवं स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए यह प्रशस्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर झुंझुनू जिले के समस्त राजकीय महाविद्यालयों के सभी कर्मचारी गण, छात्र-छात्राएं और नवलगढ़ के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव एवं नानी बाई रो मायरो आज से शुरू

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** श्री खेड़ापति बालाजी धाम दांता में 28 मार्च से 2 अप्रैल तक भव्य हनुमान जन्मोत्सव एवं नानी बाई रो मायरो का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल हैं। आयोजक श्री खेड़ापति बालाजी उत्सव समिति एवं समस्त भक्तगणों द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यह आयोजन क्षेत्र में भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा। मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्रदास महाराज, महामण्डलेश्वर स्वामी कुशाल गिरी महाराज, रामरिछपालदास महाराज, महंत मनोहरशरण शास्त्री महाराज एवं महंत सीतारामदास महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम की शुरुआत 28 मार्च को सुबह सवा 9 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी, जिसमें 2100 महिलाएं हाथी, घोड़े और बैण्ड-बाजों के साथ मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेंगी। आयोजन के दौरान प्रतिदिन दोपहर सवा 12 बजे से सवा 4 बजे तक कथा का आयोजन होगा, जिसमें राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथावाचक पं चन्द्रप्रकाश शास्त्री खाचरियावास कथा वाचन करेंगे। विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला में 1 अप्रैल को सुबह सवा 8 बजे बालाजी का अभिषेक, सवा 10 बजे पूजन एवं हवन तथा रात्रि सवा 8 बजे से विशाल भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें गायक मुकेश राजपुरोहित अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं 2 अप्रैल को सुबह सवा 8 बजे निशान यात्रा निकाली जाएगी, इसके बाद प्रातः सवा 11 बजे बालाजी का जन्मोत्सव, दोपहर सवा 12 बजे विशाल भण्डारा, शाम सवा 4 बजे जुलूस, सवा 7 बजे महाआरती तथा रात्रि सवा 8 बजे संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा।


# नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव सम्पन्न

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** मां काली मंदिर धाम कोहिणा में नवरात्रि पर्व पर नौ दिन तक भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए। पुजारी ओमप्रकाश पाइवाल ने बताया कि नवरात्रि पर मंदिर में नियमित नवपरायण पाठ, भव्य झांकियां और सवामणियों के अलावा महा आरती का आयोजन हुआ। 56 भोग लगाकर मां से गांव की सुख शांति की कामना की तथा माता काली को 251 मीटर लंबी चुनरी भी भेंट की गई। नवरात्रा समापन पर 91 किलो अखण्ड लड्डू का महाभोग लगाया गया। रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन हुआ जिसमें भजन गायक मुकेश लौरा चक्क धोरेवाला एन्ड पार्टी की ओर से शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। सभी कार्यक्रम सभी ग्राम वासियों के सहयोग से सम्पन्न हुए। इस मौके पर बजरंग लाल जोशी, जुगल किशोर जोशी, भवानी शंकर स्वामी, महेंद्र महिया, दीनदयाल जोशी, सांवरमल जोशी, संजय सोनी, रामप्रताप जोशी, अंकित, विकास, श्याम, कृष्ण आदि अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नं. 4 सैन मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई जो कि बावलिया बाबा मन्दिर से शुरू हुई। कलश यात्रा में सैंकड़ों संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर धार्मिक भजनों के साथ शामिल हुई। कलश यात्रा मुख्य बाजार, गोपीनाथ मंदिर से सैन मंदिर पहुँची।

कलश यात्रा का कस्बे वासियों की ओर से जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मनोज कुमार सैन सपत्निक बतौर यजमान भागवत धारण कर पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। व्यास पीठ से कथा व्यास मदन लाल शर्मा कथा के प्रथम दिवस भागवत कथा का महात्म्य, ज्ञान वैराग्य, भक्ति चरित्र, शुकदेव का प्राकट्य की कथा का वर्णन करते हुए प्रसंग में बताया कि भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते है एवं ज्ञान की प्राप्ति हो जाती है। इसलिए हमें भागवत कथा का श्रवण नियमित रूप से करना चाहिए। इस अवसर पर राजकुमार सैन, प्रदीप सैन, उमेश कुमार, सुरेश कुमार, रमेश कुमार, सज्जन कुमार सैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

# गर्भवती की हुई स्वास्थ्य जांच और बच्चों को लगाए टीके

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई और चिकित्सकों ने उनको गर्भावस्था के समय स्वास्थ्य का खास ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही निःशुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए माँ वाउचर योजना के तहत कूपन प्रदान किए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि शुक्रवार को जिले के मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया और चिकित्सकों ने गर्भवती के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है।

अस्पतालों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच गई। वहीं विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए गए ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी निःशुल्क करवा सके। इसके अलावा गर्भवती में खून की कमी पाए जाने पर उसे एफसीएम लगाकर लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि गुरूवार का राजकीय अवकाश होने के कारण शुक्रवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को जीवनरक्षक टीके लगाए गए।

# वकीलों के चैम्बर्स में हुआ वॉटर कूलर का उद्घाटन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय न्यायालय परिसर में स्थित अधिवक्ता चैम्बर्स में वाटर कूलर का फीता काटकर उद्धघाटन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरजमल यादव, भामाशाह पृथ्वीराज बाफना, प्रेरक विजयसिंह बोरड़, एडवोकेट अशोक पारीक ने किया। इस अवसर पर एडवोकेट पारीक ने कहा कि जयपुर रहते हुए भी पृथ्वीराज बाफना ने सुजानगढ़ में काफी जनसेवा के कार्य किए हैं, जिसके लिए बार एसोसिएशन आभारी प्रकट करता है।

इस दौरान प्रेरक विजय सिंह बोरड़, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सूरजमल यादव, एडवोकेट हरीशचंद्र पारीक, बनवारीलाल बिजारणिया, गोवर्धन चौधरी, बसंत कुमार बोरड़, ओमप्रकाश शर्मा, हरिप्रसाद दाधीच, राजकुमार चायल, घनश्याम सैनी, हनुमान प्रजापत, मो. इमरान, संतोष सोनी, राजाराम बोहरा आदि मौजूद रहे। संचालन एडवोकेट कमल गोयतान ने किया।

# सम्मान समारोह आयोजित कर निकाला विजय जुलूस

निसं




**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे के सीसीए शिक्षण संस्थान समूह द्वारा शुक्रवार को संस्थान परिसर में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्थान निदेशक डॉ अजय सक्सेना व सह निदेशक कविता सक्सेना ने बताया कि सम्मान समारोह में दसवीं बोर्ड परीक्षा 2026 में 99.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली सिम्स निठारवाल व 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजस्थान में नौवा स्थान प्राप्त करने वाली मानसी कुमावत सहित 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 40 विद्यार्थियों का अभिभावकों सहित सम्मान समारोह आयोजित किया गया। राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं सहित संस्थान की दिव्या चौधरी ने 97.67 प्रतिशत, शुभ तिवाड़ी ने 97.33 प्रतिशत, दीक्षा शर्मा ने 97.17 प्रतिशत, भावना कुमावत ने 96.67 प्रतिशत, रितिका ने 96.50 प्रतिशत, सलोनी अग्रवाल ने 96.17 प्रतिशत, रश्मि सोनी ने 96 प्रतिशत, पूजा निठारवाल ने 95.67 प्रतिशत, गर्वित अग्रवाल ने 95.33 प्रतिशत व अंशिका कुमावत में 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। संस्थान के 12 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया।

सम्मान समारोह के पश्चात विजय जुलूस का आयोजन किया गया। विजय जुलूस संस्थान प्रांगण से प्रारम्भ होकर आजाद चौक, रामानंद रोड, सीटी बस स्टैंड, भैरुजी मोड़, मील तिराहा, बीकानेर स्टैंड, खाटू मोड़, पत्थर मंडी, रेनवाल रोड सहित शहर के मार्गो से गुजरा। विजय जुलूस का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों सहित गणमान्य नागरिक व संस्थान के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। संस्थान संरक्षक रमेश चंद्र सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्रतिभाओं के सम्मान को लेकर विप्र फाउंडेशन की बैठक आयोजित

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विफा के पदाधिकारियों की एक बैठक शुक्रवार को जिलाध्यक्ष कमल कांत शर्मा की अध्यक्षता में जोशी गट्टा स्थित जोशी कुटिया में संपन्न हुई। जिसमें विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में आगामी 29 मार्च रविवार को झुंझुनू शहर ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु होने वाले समारोह को लेकर चर्चा कर 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के बाद करने का निर्णय किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026 की 10वीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर अभिनंदन किया जाएगा। जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस श्रेणी में आने वाले सभी विद्यार्थी अपने संपूर्ण विवरण के साथ आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन हेतु इच्छुक विद्यार्थी कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया व राकेश सहल के व्हाट्सएप नंबर 9079925571 एवं 9672045888 पर संपर्क कर सकते हैं। इस आयोजन से समाज के होनहार विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता एव प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी। रामगोपाल महमिया ने बताया कि कार्यक्रम की आगामी तिथि 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर जारी की जाएगी। बैठक में जिला संयोजक उमाशंकर महमिया, जिला कोषाध्यक्ष राकेश सहल, जिला मंत्री रमेश चौमाल, तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, रतन जोशी, अमृतलाल जोशी, अशोक जोशी, चंद्र प्रकाश जोशी, शिवरतन जोशी सहित विप्र समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीण नवयुवक मंडलों को सशक्तिकरण कार्यक्रम जारी

जयशंकर जांगिड़

झुंझुनू (नवयत्न)। मेरा युवा भारत केंद्र झुंझुनू युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यूथ क्लब डवलपमेंट कार्यक्रम गांवों और पंचायतों में लगातार जारी है। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि मंत्रालय द्वारा ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण तथा उनके सर्वांगीण विकास हेतु ग्राम स्तर पर मंडलों का गठन करके माय भारत के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है। जिससे उन युवाओं की प्रतिभा और कौशल को उपयुक्त मंच मिल सके साथ ही वो अपने हुनर को अपने करियर की बेहतरी में परिवर्तन कर सकें। इसी श्रृंखला में नवलगढ़ एवं झुंझुनू के विभिन्न गांवों चौराड़ी, ढिगाल, देवगांव, जेजुसर, सोती, बुडाना, भड़ौंदा खुर्द, इंडाली और पातुसरी में युवाओं के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किए गए जिसमें इन ग्रामीण युवाओं को माय भारत से संबंद्धता प्राप्त मंडलों के लाभ और कार्यों की जानकारी दी गई।

# भाजपा का प्रशिक्षण शिविर आज से

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी, मंडल रींगस द्वारा संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना के निर्माण हेतु पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण शिविर आगामी 28 मार्च शनिवार को सायं 5 बजे से प्रारंभ होकर 29 मार्च रविवार सायं 5 बजे तक चलेगा। शिविर का आयोजन स्थानीय परशुराम भवन ब्राह्मण धर्मशाला, रींगस में किया जाएगा।

महामंत्री रोशन सितमका ने बताया शिविर का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ करना और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने की रणनीति तैयार करना है। इस प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश एवं जिले के वरिष्ठ एवं अनुभवी कार्यकर्ताओं द्वारा महत्वपूर्ण राजनीतिक और संगठनात्मक विषयों पर व्याख्यान और मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर पूर्णतः आवासीय रहेगा, जिसके लिए आवास एवं भोजन की संपूर्ण व्यवस्था शिविर स्थल पर ही सुनिश्चित की गई है। संगठन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण इस शिविर में भाजपा रींगस के समस्त युवा एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों, पार्षदों, पूर्व पार्षदों, पार्षद प्रतिनिधियों, बूथ अध्यक्षों, बूथ पालकों, शक्ति केंद्र संयोजकों, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों एवं मोर्चों के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति अनिवार्य है। शिविर स्थल पर ही 100 रुपये के शुल्क के साथ पंजीकरण अनिवार्य होगा।

# श्याम स्वीट्स कॉर्नर का शुभारंभ



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** शहर के बीकानेर रोड 5 भाई चौक पर शुक्रवार को श्री श्याम स्वीट्स कॉर्नर का शुभारंभ दुधवा मीठा के महंत प्रमोद नाथ महाराज, समाजसेवी पूनमचंद तिवाड़ी, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण झिकनाडिया सहित शहर के प्रबुद्ध जनों ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर श्याम स्वीट्स कॉर्नर के प्रोपराइटर रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि हमारा पिछले कई वर्षों से कैटरिंग का काम है। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले कई सालों में शहर में अच्छी मिठाई की दुकान की कमी महसूस की और इस कमी को पूरा करने के लिए हमने श्याम स्वीट्स कॉर्नर के नाम से मिठाई की दुकान का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि हमारी इस दुकान पर तमाम प्रकार की शुद्ध देसी घी की मिठाइयां हर वक्त उपलब्ध रहेगी। हमारे यहां पर कोई भी शादी विवाह है या फिर अन्य कार्यक्रम के लिए ऑर्डर पर मिठाई बुक करवा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी दुकान पर मिठाई के साथ-साथ ताजा नाश्ता और जूस की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। रामस्वरूप शर्मा ने कहा कि हमारी दुकान पर तमाम प्रकार की नमकीन और जन्मदिन के लिए केक आइसक्रीम आदि भी उपलब्ध है। रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि हमारे यहां पर रसगुल्ला, राजभोग, काजू कतली, बादाम कतली, रसमलाई, गुलाब जामुन, समोसा, कचोरी और ताजा अन्य फास्ट फूड, आइसक्रीम, बर्थडे केक हर समय उपलब्ध रहेंगे। वही शुभारंभ अवसर पर महंत प्रमोद नाथ महाराज, समाजसेवी पूनमचंद तिवारी सहित अतिथियों का साफा ओढ़ाकर, माला पहनकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी पूनमचंद तिवारी ने रामस्वरूप शर्मा और उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि पांच भाई चौक के आसपास कई बड़ी कॉलोनी की बसावट पिछले सालों में हुई है लेकिन आसपास में कोई अच्छी मिठाई की दुकान नहीं होने के चलते यहां के लोगों को दूर जाना पड़ता था लेकिन अब यह दुकान खुलने के कारण लोगों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि रामस्वरूप शर्मा का पिछले काफी सालों से कैटरिंग का कार्य है। उन्होंने कहा कि रामस्वरूप शर्मा का विश्वसनीय कार्य उनके इस प्रतिष्ठान को ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस अवसर पर पंडित के मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिष्ठान का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मोहनलाल लक्ष्मी नारायण सत्यनारायण झिकनाडिया, श्रवण कुमार नवाल, लालबहादुर सेवदा, महेंद्र कुमार दर्जी, भागीरथ सोनी, प्रकाश जोशी, रामलाल कम्मा सहित बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध जन मौजूद रहे। उपस्थित सभी लोगों ने उनके इस नव प्रतिष्ठान की शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रक्तवीर कर रहे जरूरतमंदों के लिए रक्तदान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय ब्लड बैंक में रक्त की अनुपलब्धता और मरीजों की जरुरत को देखते हुए टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की प्रेरणा और अपील पर हर ग्रुप के रक्तदाता रक्तदान करने पहुंच रहे हैं। स्वर्णकार ने बताया कि रक्तदान कर मानवीय जीवन बचाने में लगे है लोग अपनी रूचि दिखा रहे हैं। इसी क्रम में मनीष शर्मा, आबिद पटवा, बाबूलाल प्रजापत, महेश सामरिया, मोहित प्रजापत, सत्य प्रकाश सैन, जितेन्द्र बागड़ी, किशन पुरोहित, सिपाही जय प्रकाश, सुभाष पिलानिया आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवीय फर्ज निभाया।

# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गर्ग का किया स्वागत

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** अग्रवाल समाज की ओर से अग्रसेन सर्किल पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग का स्वागत किया गया। इस दौरान गर्ग ने भगवान अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए समाज में आपसी सहयोग, एकता और सेवा भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। गर्ग समाज को संगठित रहने, परंपराओं से जुड़े रहने और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से निरंतर प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को जिम्मेदारी निभाने और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अग्रवाल महासभा तारानगर के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय चाचाण, अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष आकाश दूदानी, श्यामजी साहवा वाले, सुनील सगतानी, अमित चौधरी, नरेंद्र चाचाण, गणेश सरावगी, सुधीर सरावगी, प्रवीण बंसल, राजेश सगतानी, राकेश चाचाण, नंदन सरावगी, जतिन सरावगी, रौनक कंदोई आदि लोग मौजूद थे।

# गैस की कमी और बढ़ती कीमतों को लेकर सड़कों पर उतरी कांग्रेस

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** एलपीजी गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को शहीद स्मारक पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए जोरदार विरोध जताया। महिला कार्यकर्ताओं ने सिगड़ी पर रोटी बनाकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास सहित कई नेता मौजूद रहे। डोटासरा ने कहा कि 1 अप्रैल से कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर शहर-शहर और गांव-गांव अभियान चलाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल पर दी गई राहत का लाभ आम जनता को नहीं बल्कि कंपनियों को मिल रहा है। साथ ही चेतावनी दी कि चुनावों के बाद महंगाई और बढ़ सकती है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारें व्यवस्था बिगड़ने की बात स्वीकार नहीं कर रही हैं और लगातार ईंधन व गैस के दाम बढ़ाकर आमजन पर बोझ डाल रही हैं। उज्ज्वला योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज गरीबों को भी गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार देश की वास्तविक स्थिति छिपाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस आपूर्ति प्रभावित होने से उद्योगों पर असर पड़ा है और कई इकाइयां बंद हो गई हैं, जिससे रोजगार प्रभावित हुआ है। उन्होंने रिफाइनरी परियोजना में देरी का मुद्दा भी उठाया। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने, कीमतों पर नियंत्रण और आमजन को राहत देने की मांग की। साथ ही पार्टी पदाधिकारियों को जिलों में बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

# पांच दिवसीय चैत्र मेले का शुभारंभ 1 को



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हिंद-सिंध के महान संत युगपुरुष ब्रह्मनिष्ठ आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊराम महाराज द्वारा निर्मित आस्था भक्ति का अनूठा अद्भुत संगम प्रकाशीयो का पांच दिवसीय महाकुंभ चैत्र मेला 1 अप्रैल बुधवार से प्रारंभ होगा और जिसका समापन पांच अप्रैल शनिवार को किया जाएगा। पावन तीर्थ श्री अमरापुर स्थान में परम पूज्य गुरुदेव सतगुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज के पावन सानिध्य में श्रद्धा भक्ति उल्लास के साथ पांच दिवसीय चैत्र मेला मनाया जाएगा। 1 अप्रैल बुधवार को प्रातः 6 से 7 विशाल प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो पोलोविक्ट्री से सिंधी कैम्प बस स्टैंड, वनस्थली मार्ग, संसार चंद्र रोड से होते हुए पुनः श्री अमरापुर स्थान पहुंचेगी। जिसके तत्पश्चात सुबह 7 से 10 बजे तक नित्य नियम प्रार्थना संत महात्माओं, गुरुदेव के मुखरबिंद से भजन सत्संग का भव्य आयोजन होगा। जिसके पश्चात 10 से 11 बजे तक हवन, यज्ञ, अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। जिसके बाद 60 फिट ऊंचे शिखर पर प्रेम प्रकाशी ध्वजा फहराई जाएगी। सायं काल 3 से 9 बजे तक भजन सत्संग आरती एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पंच दिवसीय उत्सव के अंतर्गत गुरुवार, शुक्रवार को प्रातः 7 से 11 एवं सायं काल 3 से 9 बजे तक भजन संकीर्तन आरती एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 4 अप्रैल शनिवार को प्रातः काल 7 से 11 बजे तक भजन सत्संग के पश्चात पंच दिवसीय ग्रंथ गीता के पाठों का भोग परायण होगा। इसी बीच अनेक धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। रविवार 5 अप्रैल को ब्रह्म मुहूर्त में 4 बजे से संत महात्माओं द्वारा सत्संग आशीर्वचन के पश्चात 7 बजे पूज्य श्री स्वामी भगत प्रकाश महाराज के सानिध्य में विश्व शांति पल्लव प्रार्थना के साथ उत्सव का समापन किया जाएगा। साथ ही 5100 सौ तुलसी पौधा वितरण किए जाएंगे।

चैत्र मेले उत्सव से एक दिन पूर्व 31 मार्च को आचार्य श्री सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज के परम शिष्य अवधूत स्वामी गुरमुख दास महाराज के पंच दिवसीय वरसी उत्सव का समापन विशाल ब्रह्म भोज के साथ होगा। उत्सव के उपलक्ष में लाखों की संख्या में देश विदेश से संत महात्माओं का आगमन होगा।

# नवमी पूजा पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मां सिद्धिदात्री को सभी सिद्धियों और सफलताओं की दाता माना जाता है। उनका स्वरूप बहुत शांत और दिव्य है। माना जाता है कि मां सिद्धिदात्री की विधि और श्रद्धा भाव से पूजा करने से भक्तों को भौतिक सुख, संपत्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन शुक्रवार को देवी मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन किए और कन्या पूजन के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान का समापन किया। इस दौरान कई स्थानों पर मेले और देवी जागरण का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर माता मंदिर का विशेष श्रृंगार भी किया गया। वहीं आमेर स्थित शिला माता मंदिर में दर्शन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं ने विशेष रूप से माता का दर्शन कर नारियल और चुनरी चढ़ाई तथा परिवार की मंगल कामना की। इस मौके पर व्रतधारियों ने मंदिरों व घरों में भी हवन-पूजन कर महामंत्रों के बीच पूर्णाहुति दी। इसके बाद नौ दुर्गा स्वरूप कन्याओं का पूजन किया गया और उन्हें हलवा, पूड़ी, खीर, चना प्रसादी का भोजन कराया गया। सामर्थ्य के अनुसार दान-दक्षिणा भी दी गई। पुरोहितों को भी दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया गया। शहर के खोले के हनुमानजी, चांदपोल, सांगानेरी गेट, पंचमुखी हनुमानजी, अंबाबाड़ी, पापड़ के हनुमानजी, ढहर के बालाजी, संकट मोचन हनुमानजी मंदिर सहित शहर के अन्य हनुमान मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना के आयोजन हुए वहीं नवाह्न परायण पाठों का हवन पूजा के साथ समापन हुआ। इस मौके पर भक्तों की और से हनुमानजी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विशेष आयोजन किए गए। चैत्र नवरात्र के नौ दिनों की शक्ति उपासना का समापन जवारे यानी जौ विसर्जन के साथ होता है। हिंदू धर्म में जवारे को सुख-समृद्धि, उन्नति और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि जवारे जितनी अच्छी तरह उगती हैं, माता रानी की कृपा उतनी ही अधिक बरसती है। माता के दरबार में घट स्थापना के साथ उगाएं गए जवारों का पूजा के बाद शुक्रवार को विभिन्न मंदिरों व घरों में स्थापित जवारे का चल समारोह के साथ विसर्जन किया गया। मां दुर्गा की कृपा स्वरूप प्राप्त ये जवारे सिर्फ पौधे नहीं बल्कि समृद्धि, सौभाग्य और आशीर्वाद का प्रतीक माने जाते हैं। कई जगह दशमी तिथि पर जवारे विसर्जन किया जाएगा।

# दो मंदिरों में मूर्तियां खंडित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बस्सी थाना क्षेत्र में दो मंदिरों में घुसकर मूर्तियां खंडित करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान घनश्याम महावर निवासी दीनदयाल कॉलोनी, नई रीको बस्सी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 26 मार्च 2026 को परिवादी मुरारी लाल सैन और मुकेश कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तड़के करीब 4 बजे अज्ञात व्यक्ति ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित राजराजेश्वर शिव मंदिर और अमूल डेयरी के पास स्थित शिव मंदिर में मूर्तियों को खंडित कर दिया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। डीसीपी जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने जांच शुरू की। पुलिस टीम ने करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्ध के हुलिए के आधार पर मुखबिरों की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया है। कार्रवाई में बस्सी थानाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र, सहायक उपनिरीक्षक तोताराम व बलवान सिंह, हेड कांस्टेबल श्यामलाल तथा कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार, रामराज, कमलेश और शशि कुमार की अहम भूमिका रही। पुलिस आरोपी से घटना के कारणों को लेकर गहन पूछताछ कर रही है।

## दिव्यांग कर्मचारियों को चार प्रतिशत पदोन्नति में आरक्षण देने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान दिव्यांग कर्मचारी महासंघ ने उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार दिव्यांग कर्मचारियों को चार प्रतिशत पदोन्नति में आरक्षण देने की मांग की। महासंघ ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि दिव्यांग कार्मिकों को नोशनल आधार पर जून 2016 से 4 प्रतिशत पदोन्नति में आरक्षण दिए जाने की मुख्यमंत्री की ओर से बजट घोषणा के बावजूद भी फाइल नं. 00269 डीओपी, विधि, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में चक्कर काट रही है।

# जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू के तत्वावधान में जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं प्रेसिडेंट रोवर एप्रेसिडेंट स्काउट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 27 से 31 मार्च तक स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस शिविर में 110 स्काउट, 90 गाइड एवं 26 सदस्य संचालक दल सहभागिता कर रहे हैं। यह शिविर राज्य सरकार के द्वारा राज्य मुख्यालय के बजट के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राज्य पुरस्कार स्काउट गाइड्स हेतु निःशुल्क आवास एवं भोजन व्यवस्था की गई है। शिविर में राज्य पुरस्कार से संबंधित नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, चिह्न, सेल्यूट, बाया हाथ मिलाना, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, स्काउट गाइड के सिद्धांत, इतिहास, विकास सहित विभिन्न प्रकार के दक्षता बैंजो एवं राज्य पुरस्कार पाठ्यक्रम की जानकारी स्काउट गाइड्स को दी जाएगी। शिविर में कपिल देव शर्मा, मनोज शर्मा, नरेश सिंह तंवर, मूलचंद मूंड, रामानंद आजाद, अनीता, सुमन, अनुराधा, इंद्राज सिंह, रामदेव सिंह, प्रवीण कुमार, विजय गर्वा, बृजमोहन, कविराज, निरंजन लाल शर्मा, दिनेश कुमार, अमरचंद, सुरेंद्र कुमार द्वारा आवश्यक सहयोग एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# संस्कृत है विश्व कल्याण का आधार



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, सीकर में दो दिवसीय संस्कृत शिक्षा विभागीय संस्था प्रधानों की वाकपीठ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्घाटन जिला नोडल अधिकारी संस्कृत शिक्षा योगेश कुमार शर्मा ने किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री प्रो. डॉ. अशोक महला ने भाग लिया। उन्होंने संस्कृत की महत्ता को बल देते हुए बताया कि संस्कृत विश्व कल्याण की भाषा है और 2047 में विकसित भारत में संस्कृत विद्वानों को बड़ी भूमिका निभानी होगी। समारोह में विशेष अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बाबुलाल गुर्जर रहे, जिन्होंने संस्कृत भाषा की वैज्ञानिकता को बताते हुए प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक खोजों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर इतिहास संकलन समिति सीकर के संरक्षक एवं पूर्व संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी डॉ किशनलाल उपाध्याय, प्रो. मामराज शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक दिनेश कुमार शर्मा, भवानी सिंह शेखावत आदि भी उपस्थित रहे। वाकपीठ संगोष्ठी के सचिव डॉ चन्द्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी में शैक्षणिक नवाचार, प्रवेशोत्सव, नामांकन वृद्धि, ठहराव व कार्यालय प्रबन्धन के विविध सत्रों का आयोजन किया जायेगा।

# पासपोर्ट कार्यालय को दस जहरीले बम से उड़ाने की धमकी




निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू पोस्ट ऑफिस परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब आरपीओ कार्यालय की मेल आईडी पर एक धमकी भरा ईमेल आया। धमकी भरे ईमेल में पोस्ट ऑफिस और उसके परिसर में संचालित हो रहे पासपोर्ट कार्यालय को दस जहरीले बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस और हैंड होल्ड मेटल डिटेक्टर टीम मय पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और सर्च अभियान चलाया। बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड़ पर आयी और एहतियात बरतते हुए कार्यालय परिसर को खाली करवा गया। सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया और बिल्डिंग की गहनता से जांच की गई। जब जांच में कुछ नहीं मिला तो सभी कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। बता दें राजस्थान में पोस्ट ऑफिस कार्यालयों में ही पासपोर्ट ऑफिस संचालित किए जा रहे हैं और राजस्थान के सभी पासपोर्ट कार्यालयों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। 10 मार्च को भी इसी तरह एक धमकी भरा मेल आया था जिसके बाद कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई और पासपोर्ट सेवा केंद्र को खाली करवाया गया था।




# रामाश्रम सत्संग का वार्षिक भंडारा आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामाश्रम सत्संग मथुरा उपकेन्द्र-जयपुर की ओर से वार्षिक भंडारे एवं सत्संग समारोह का आयोजन विद्याधर नगर स्टेडियम में किया जा रहा है। कार्यक्रम में देश-विदेश से बड़ी संख्या में साधक भाग लेंगे। रामाश्रम सत्संग के संस्थापक समर्थ गुरु परम संत डॉ चतुर्भुज सहाय द्वारा प्रतिपादित आंतरिक सत्संग की परंपरा के अंतर्गत यह आयोजन किया जा रहा है। संत अमित कुमार और मोहित कुमार ने बताया कि रामाश्रम सत्संग में कर्म, उपासना, ज्ञान और समर्पण का समन्वय कर इसे आंतरिक साधना का क्रियात्मक स्वरूप दिया गया है। उन्होंने बताया कि गुरु के सानिध्य में इस सत्संग का अभ्यास करने से साधक में अलौकिक प्रेम उत्पन्न होता है जिससे धैर्य, करुणा और सहनशीलता जैसे गुणों का विकास होता है। भंडारे के अवसर पर ईश्वर की कृपा और प्रेम का विशेष अनुभव होता है। यह भंडारा परम पूज्य आलोक कुमार और संजीव कुमार के सानिध्य में आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं साधक शामिल होकर सत्संग का लाभ उठाएंगे।

# एवरग्रीन पब्लिक स्कूल ने किया होनहारों का सम्मान

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नया बास स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में मैरिट महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 10 वीं बोर्ड, कक्षा 8 व 5 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक रतन सैन के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले साक्षी प्रजापत, नंदिनी, नरेंद्र गुर्जर, इशरा, सिमरन, आमिर, सरीना व उनके अभिभावकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल संतोष सिगर, जालूसिंह, गिरधारीलाल गुर्जर, संतोष शर्मा, शांतिदेवी बजाज, इमरान खां दौलतखानी, दिलीप सेन, विकास सोनी आदि ने विद्यार्थियों और अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। कार्यक्रम में कक्षा 8 व पांच में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले होनहारों को भी सम्मानित किया गया। संचालन एचओडी देवांश सैन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के विमल दाधीच, चंदन गहलोत, श्रवण जाखड़, अंतिमा टाक, नेहा सेन, सरिता स्वामी, मुस्कान करवा, शाकम्भरी माहेश्वरी, पलक कुमारी, शांति प्रजापत, खुशबू आदि का भी सम्मान किया गया। संस्था निदेशक रतन सैन ने बताया कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना ही हमारा लक्ष्य है।

# घोड़ी पर बैठाकर निकाली बेटी की बनोरी



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजपुरा में दरिया सिंह सिहाग की पुत्री पूजा की बनोरी उनके चाचा दलिप सिहाग ने घोड़ी व डीजे के साथ निकाली। इस मौके पर पूजा के भाई प्रवीण, अरविन्द, श्रीराम व सतवीर ने कहा की हमारी इकलौती बहन की बनोरी निकाल एक कर लड़का व लड़की में कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। इस मौके पर राजपुरा सरपंच प्रतिनिधी अमित सिहाग ने कहा की दरियासिंह सिहाग व दलिप सिहाग दोनों भाईयों के एक मात्र लड़की है उन्होंने कभी लड़का-लड़की में कोई भेद्भाव नहीं किया है और साथ ही बनोरी निकालकर समाज को सन्देश दिया कि लड़का व लड़की में कभी कोई भेदभाव न किया जाये।

# गांजा तस्कर गिरफ्तार और नकली घी बनाने का सामान जब्त



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने ऑपरेशन एंटी वेनम के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए सामोद थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ और नकली खाद्य सामग्री के कारोबार का खुलासा किया है। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में 132 ग्राम गांजा, 5010 रुपए की नकदी और नकली घी बनाने के उपकरण जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थ तस्करों और सप्लायर्स के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डीएसटी और सामोद थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान ग्राम बांस, विजयसिंहपुरा में एक व्यक्ति के गांजा बेचने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम जयसिंह निवासी बांस, थाना सामोद बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से 132 ग्राम गांजा और 5010 रुपए बरामद किए। साथ ही मौके से नकली घी बनाने के उपकरण, वनस्पति घी, सोयाबीन रिफाइंड तेल और ब्रांडेड कंपनियों के रेपर भी जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और ट्रेडमार्क एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और संबंधित अधिकारियों के सुपरविजन में की गई। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और सप्लाई चैन की भी जांच में जुटी है।

# महावीरजी का आठ दिवसीय लक्खी मेला शुरू

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में शुक्रवार से विश्व प्रसिद्ध आठ दिवसीय लक्खी मेले का शुभारंभ हुआ। यह मेला 3 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मंत्री उमरावमल संघी ने बताया कि मेले का शुभारंभ प्रबंधक नेमी कुमार पाटनी द्वारा मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण के साथ किया गया। 28 व 29 मार्च को पूजन, भजन, सामूहिक आरती एवं शास्त्र प्रवचन आयोजित होंगे। 30 मार्च को महावीर जयंती पर प्रभाफेरी, जल यात्रा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर स्कूलों में मोदक वितरण, अस्पतालों में मरीजों तथा हिण्डौन जेल में कैदियों को फल वितरित किए जाएंगे। साथ ही दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, कृत्रिम पैर, बैसाखी, कैलीपर्स एवं महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की जाएगी।

2 अप्रैल को प्रातः चौबीसी परिसर में अभिषेक के बाद दोपहर 2 बजे मंदिर प्रांगण से विशाल रथयात्रा निकलेगी, जो नदी तट तक जाएगी, जहां कलशाभिषेक होगा। इस रथयात्रा में विभिन्न समाजों के लोग भाग लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश देंगे। मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति संध्या, राजस्थानी लोक नृत्य-गीत, कवि सम्मेलन एवं महानाट्य प्रस्तुति का आयोजन भी किया जाएगा। 3 अप्रैल को ग्रामीण खेलकूद व कुश्ती-दंगल के साथ मेले का समापन होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न क्षेत्रों से निःशुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई है। मेले के सफल आयोजन हेतु 16 समितियों का गठन कर अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह मेला धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सेवा और सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रहा है।

# कार सवार बदमाशों ने मेडिकल संचालक से लूटे 80 हजार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना इलाके में कार सवार बदमाशों ने मिलकर मेडिकल संचालक से 80 हजार की लूट और मौके से फरार हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार बदमाशों की तलाश में आसपास के इलाके में नाकाबंदी भी कराई लेकिन कार सवार बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर कार सवार बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी चंद्रभान ने बताया कि थाना इलाके में स्थित जगतपुरा के एनआरआई सर्किल निवासी राम अवतार गौतम जगतपुरा रेलवे फाटक के पास कंचन मेडिकल स्टोर चलाते है। गुरुवार रात करीब सवा 11 बजे वो दुकान बंद कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। घर से महज 50 मीटर की दूरी पर कार सवार बदमाशों ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मारी और 80 हजार रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। आरोपियों के चले जाने के बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी अपने परिजनों व पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवार बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी कराई लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने घटना स्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

## सम्पादकीय

# आलोचना की आदत



इस पर आश्चर्य नहीं कि पश्चिम एशिया संकट पर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद भी विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस को यही दिख रहा है कि अमेरिका-इजरायल एवं ईरान के बीच छिड़े युद्ध पर भारत सरकार की कूटनीति विफल है। इस युद्ध के पहले दिन से ही कांग्रेस भारत सरकार को कोस रही है। वह ऐसा दिखा रही है, जैसे इस युद्ध में भारत की कोई भूमिका है अथवा उसकी कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी है। सब जानते हैं कि भारत का इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं, पर कांग्रेस नेता इसे समझने को तैयार नहीं। इससे भी बड़ी समस्या यह है कि वे यह चाह रहे हैं कि पश्चिम एशिया संकट के मामले में भारत सरकार को उनके कहे के अनुसार ही चलना चाहिए, पर उनके पास इसका कोई जवाब नहीं कि इस युद्ध के कारण जो ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, उसका समाधान कैसे किया जाना चाहिए?

इससे इन्कार नहीं कि विश्वव्यापी ऊर्जा संकट का असर देश पर भी पड़ रहा है और कहीं-कहीं गैस की किल्लत भी देखने को मिल रही है, लेकिन भारत के मुकाबले कई देशों की स्थिति कहीं अधिक गंभीर है। कांग्रेस इसे समझने के बजाय यह माहौल बना रही है कि प्रधानमंत्री की किसी गलती से देश में गैस की भारी किल्लत पैदा हो गई है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। यह केवल घोर नकारात्मकता ही नहीं, किसी भी मसले और यहां तक कि विदेश नीति पर भी एकजुटता का परिचय न देने की जिद ही है।

लगता है कि कांग्रेस के शब्दकोश में रचनात्मक सहयोग जैसा कोई शब्द ही नहीं और वह यह भी भूल चुकी है कि विपक्ष का काम सकारात्मक सुझाव देना भी होता है। कांग्रेस यह देखने को तैयार नहीं कि भारत सरकार ऊर्जा संकट को गहराने न देने के लिए भरसक प्रयत्न कर रही है और अब कहीं अधिक देशों से तेल और गैस खरीद के सौदे कर रही है। इसके बाद भी कांग्रेस को चैन नहीं। वह यह देखने से इन्कार कर रही है कि ईरान की ओर से होर्मुज समुद्री मार्ग बंद कर देने के बावजूद भारत के तेल एवं गैस टैंकर वहां से निकल पा रहे हैं।

यह सही है कि होर्मुज से उनकी निकासी सुगम नहीं, लेकिन क्या यह भारतीय कूटनीति की जीत नहीं कि ईरान भारत को मित्र देश कहकर उसके जहाजों को निकलने दे रहा है? कांग्रेस को यह भी बुरा लग गया कि अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की कथित मध्यस्थता को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने यह कह दिया कि भारत पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं। वास्तव में कांग्रेस को केवल विरोध के लिए विरोध करने की आदत ही नहीं लग गई है, वह सरकार की आलोचना-निंदा के लिए एक क्षण की देरी भी गवारा नहीं करती। उसके प्रवक्ता ने यह जाने-समझे बिना पाकिस्तान को फायदे में बता दिया कि वह मध्यस्थता करने के बजाय संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा है।

## ● विशेष आलेख

# दुनिया भर के सम्मेलनों में पर्यावरण बचाने की बातें, युद्ध आते ही खामोश हो जाता है विमर्श

युद्ध के धुएं में गुम पर्यावरण के प्रश्न प्रीति अज्ञात आज के दौर में पर्यावरण की चर्चा इतनी व्यापक हो गई है कि इससे जुड़े शब्दों का एक अंतहीन जंगल बन गया है, जिसमें हर रास्ता पृथ्वी की चिंता तक ले जाता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलवायु परिवर्तन, कार्बन उत्सर्जन, जैव विविधता और सतत विकास जैसे शब्द बार-बार गूंजते हैं। सम्मेलनों में पृथ्वी को बचाने के संकल्प लिए जाते हैं, भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित ग्रह की कल्पना की जाती है और यह घोषणा की जाती है कि पर्यावरण संकट मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ा खतरा है। मगर जैसे ही कहीं युद्ध का नगाड़ा बजता है, यह पूरा विमर्श मानो अचानक मौन हो जाता है। धरती और इसके वातावरण की रक्षा की वह नैतिकता, जो शांति के दिनों में इतनी मुखर दिखाई देती है, युद्ध की आहट पाते ही धुएं में विलीन हो जाती है। तब पर्यावरण की चिंता पीछे छूट जाती है और सामने आ खड़ी होती है शक्ति, प्रभुत्व और भू-राजनीति की कठोर भाषा। यह आधुनिक सभ्यता की सबसे गहरी विडंबनाओं में से एक है। पूरी दुनिया में प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुकी है। ऐसे में एक ओर वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को बचाने का आह्वान किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ विभिन्न देश धरती के वातावरण को बारूद से भर देने वाले युद्धों में उलझे हुए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका बड़ा उदाहरण है। लंबे समय से चल रहा यह संघर्ष केवल सैनिकों और शहरों के लिए त्रासदी नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी एक गहरी चोट है। जब मिसाइलें तेल भंडारों, ऊर्जा संयंत्रों और रासायनिक कारखानों पर गिरती हैं, तो केवल इमारतें नहीं टूटतीं, हवा में विषैला धुआं फैलता है, नदियों में जहरीले पदार्थ घुलते हैं और मिट्टी की संरचना तक बदल जाती है। विडंबना यह है कि इस युद्ध में दुनिया की बड़ी ताकतें भी किसी न किसी रूप में इसके पीछे खड़ी दिखाई देती हैं। सैन्य सहायता, हथियारों की आपूर्ति और रणनीतिक समर्थन ने इस संघर्ष को लंबा और जटिल बना दिया है। यही वे देश हैं, जो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पर्यावरण संरक्षण के सबसे मुखर प्रवक्ता भी हैं।

इसी तरह अब इजरायल-अमेरिका तथा ईरान ने भी युद्ध का मोर्चा खोल दिया है। इसने मध्य-पूर्व की धरती को एक बार फिर बारूद के ढेर पर खड़ा कर दिया है। इस संघर्ष में गाजा पट्टी से लेकर ईरान, इजरायल और खाड़ी क्षेत्र के अन्य देशों में हो रही बमबारी केवल मानवीय त्रासदी नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण के विनाश का कारण की भी बन रही है। गाजा की सीमित भूमि पर हजारों बमों की बरसात ने वहां मिट्टी को विषैला बना दिया है। बारूदी हमलों से जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं, समुद्री तट प्रदूषित हो रहे हैं और हवा में बारूद का जहर घुल रहा है। युद्ध का यह पर्यावरणीय पक्ष अक्सर मानवीय त्रासदी की विशालता के पीछे छिप जाता है, लेकिन उसका प्रभाव कहीं अधिक दीर्घकालिक होता है। इतिहास ऐसी घटनाओं की सच्चाई को उजागर करता है, लेकिन उससे कोई सबक नहीं लिया जाता। वर्ष 1991 के खाड़ी युद्ध के दौरान कुवैत के तेल कुओं में लगी आग ने महीनों तक आसमान को काले धुएं से ढक दिया



था, जो केवल युद्ध नहीं, बल्कि पर्यावरण पर भी हमला था। इसी तरह वियतनाम युद्ध में जंगलों को नष्ट करने के लिए 'एजंट आरेंज' जैसे रसायनों का प्रयोग किया गया, जिसने लाखों हेक्टेयर जंगल नष्ट कर दिए और वहां की धरती तथा हवा को जहरीला बना दिया।

युद्ध का हर विस्फोट केवल सैनिकों को नहीं मारता, वह धरती की छाती में भी एक घाव बनाता है। एक बम जब गिरता है, तो उसके साथ हजारों टन कार्बन वातावरण में फैल जाता है। टैंक और लड़ाकू विमान ईंधन की ऐसी खपत करते हैं, जिसकी कल्पना भी सामान्य जीवन में नहीं की जा सकती। यदि युद्ध के दौरान होने वाले कार्बन उत्सर्जन की सही गणना की जाए, तो शायद वह कई छोटे देशों के कुल वार्षिक उत्सर्जन से भी अधिक होगा। फिर भी अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलनों में इस विषय पर बहुत कम चर्चा होती है, क्योंकि युद्ध के समय नैतिक प्रश्नों को अक्सर राष्ट्रवाद की चादर से ढक दिया जाता है। पर्यावरण की बात करने वाले कई वैश्विक मंच भी इस विषय पर मौन साध लेते हैं। युद्ध और पर्यावरण के बीच का संबंध केवल प्रदूषण तक सीमित नहीं है। युद्ध प्राकृतिक संसाधनों के विनाश का भी कारण बनते हैं। जंगलों को काटकर सैन्य अड्डे बनाए जाते हैं और खनिज संपदाओं पर नियंत्रण के लिए संघर्ष छेड़े जाते हैं। इस दृष्टि से देखें, तो युद्ध और पर्यावरण संकट एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि पर्यावरण के नाम पर नैतिकता का पाठ वही देश पढ़ाते हैं, जिनकी सैन्य शक्ति सबसे अधिक है। वे विकासशील देशों को कार्बन उत्सर्जन कम करने की सलाह देते हैं, लेकिन अपने सैन्य उद्योगों के उत्सर्जन पर शायद ही कभी चर्चा करते हैं। यहां सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या पर्यावरण की चिंता केवल एक राजनीतिक औजार है? क्या यह गंभीरता तभी जागृत होती है, जब किसी विकासशील देश के उद्योगों पर सवाल उठाने हों? मगर पृथ्वी की वास्तविकता इससे कहीं अधिक व्यापक है। धरती किसी एक राष्ट्र की नहीं है। हवा, पानी, मिट्टी और जंगल पूरी मानवता की साझा धरोहर हैं।

जब किसी युद्ध में तेल के भंडार जलते हैं, तो उनका धुआं पूरी दुनिया के वातावरण में फैलता है। जब रासायनिक कारखाने नष्ट होते हैं, तो उनके विषैले अवशेष नदियों और समुद्रों तक पहुंच जाते हैं। इसलिए युद्ध को केवल राजनीतिक या सामरिक घटना के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह केवल मानवता का ही नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संकट का भी एक बड़ा कारण है। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि आज की दुनिया में युद्ध और पर्यावरण पर विमर्श एक साथ चल रहे हैं, मगर दोनों के बीच कोई वास्तविक संवाद नहीं है। एक तरफ जलवायु सम्मेलन हो रहे हैं, दूसरी तरफ हथियारों की दौड़ तेज होती जा रही है।

संभवतः मानव सभ्यता इतिहास के उस मोड़ पर खड़ी है, जहां उसे यह तय करना होगा कि वह पृथ्वी को बचाना चाहती है या अपने अहंकार को, क्योंकि युद्ध उसी अहंकार की अभिव्यक्ति है, जो यह मानता है कि शक्ति ही सबसे बड़ा सत्य है। आज जलवायु परिवर्तन, असामान्य मौसम और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती संख्या हमें यही संकेत दे रही है कि पृथ्वी की सहनशीलता की भी एक सीमा है। यदि मानव सभ्यता सचमुच पृथ्वी को बचाना चाहती है, तो उसे केवल पर्यावरणीय नीतियों पर ही नहीं, बल्कि युद्ध की मानसिकता पर भी गंभीरता से विचार करना होगा। जब तक राष्ट्र अपनी शक्ति का प्रदर्शन युद्ध के मैदानों में करते रहेंगे, तब तक पर्यावरण संरक्षण की सारी घोषणाएं शब्दों के जंगल से अधिक कुछ नहीं होंगी।

युद्ध पृथ्वी के उस संतुलन को नष्ट करते हैं, जिसे बनाने में प्रकृति को लाखों वर्ष लगे हैं। इसलिए पृथ्वी को बचाने की सबसे पहली शर्त ही यही है कि उसे युद्धभूमि बनने से रोका जाए।

अन्यथा इतिहास यह लिखेगा कि मनुष्य ने पृथ्वी को बचाने के लिए असंख्य भाषण दिए, अनगिनत संकल्प लिए, लेकिन जब निर्णायक क्षण आया, तो उसने अपने ही हाथों से उस धरती की कोख में बारूद भर दिया, जिस पर मानव और मानवता का पूरा भविष्य टिका हुआ है।

## आज का राशिफल (09 मई 2023, गुरुवार)

### मेष

घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

### वृष

रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मिथुन

शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

### कर्क

चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

### सिंह

पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

### कन्या

पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

### तुला

प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

### वृश्चिक

चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

### धनु

विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### मकर

पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### कुंभ

धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

### मीन

फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# बर्फ वाला पानी पीने से सेहत को हो सकते हैं यह नुकसान

गर्मी का मौसम शुरू होते ही लोग ठंडी चीजों का सेवन करने लगते हैं। चिलचिलाती धूप से घर वापस आने के बाद लोग तरह-तरह की ड्रिंक्स पीते हैं। जिसमें ठंडा पानी, लस्सी, छाछ, जूस, नारियल पानी, आम पन्ना आदि शामिल हैं। गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए लोग फ्रिज का ठंडा पानी पसंद करते हैं। ठंडा पानी पीने से शरीर को तुरंत ठंडक मिलती है और शरीर में ताजगी आती है। गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी का सेवन करना चाहिए। लेकिन आपने अक्सर कुछ लोगों को बर्फ वाला पानी पीते देखा होगा। कुछ लोग फ्रिज से एकदम चिल्ड पानी निकालकर पीने लगते हैं या पानी में बर्फ डालकर पीते हैं। गर्मी में ठंडा पानी पीने में भला ही बहुत अच्छा लगता हो, लेकिन यह आपकी सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे आपको कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



### पाचन को नुकसान पहुंचता है

बर्फ वाला पानी पीने से आपको पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, ठंडे पानी को पचने में बहुत अधिक समय लगता है। यह भोजन की पाचन क्रिया में बाधा उत्पन्न करता है। अगर खाना खाते समय आप ठंडे पानी का सेवन करते हैं, तो इससे शरीर खाना पचाने की जगह उस ऊर्जा का इस्तेमाल पानी के तापमान को सामान्य करने में लगा देता है। इसलिए कभी भी खाना खाते समय ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए।

### गले से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं

बर्फ वाला पानी पीने से शरीर में ज्यादा मात्रा में बलगम बनने लगता है। इससे गले में खराश, कफ, सर्दी- जुकाम और गले में सूजन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिन लोगों को सांस संबंधी परेशानी हो, उन्हें बर्फ का पानी पीने से परहेज करना चाहिए।

### सिरदर्द

धूप से आकर बर्फ वाला पानी पीने से सिरदर्द की समस्या हो सकती है। दरअसल, ठंडा पानी पीने से स्पाइन की नर्व्स को ठंडक पहुंचती है, जिसका प्रभाव दिमाग पर पड़ता है। इसकी वजह से सिर में दर्द होने लगता है। जो लोग साइनस की समस्या से ग्रसित हैं, उन्हें भूलकर भी बर्फ वाले पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे उनकी स्थिति गंभीर हो सकती है।

### बवासीर हो सकता है

अगर आप लंबे समय तक बर्फ वाला पानी पीते रहते हैं, इससे बवासीर यानी पाइल्स की समस्या हो सकती है। दरअसल, बहुत अधिक ठंड में चीजें जमने लगती हैं। ठीक इसी तरह, बर्फ वाला पानी पीने से मल सख्त हो जाता है, जिससे बवासीर की समस्या हो सकती है। बहुत अधिक ठंडा पानी पीने से आंत में घाव भी बन सकते हैं। इसकी वजह से आपको मल में खून और पेट में दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# घर में बनाएं यह एलोवेरा हेयर मास्क, बालों की कई समस्याओं से छुटकारा मिलेगा

हर व्यक्ति किसी न किसी तरह की हेयर प्रॉब्लम से परेशान रहता है। किसी को हेयर फॉल होता है, तो किसी को डैंड्रफ की प्रॉब्लम होती है। वहीं, कुछ लोग बालों के रूखेपन की समस्या से ग्रस्त हैं, तो कुछ लोगों स्प्लिट एंट से परेशान हैं। जाहिर है, हर कोई इस तरह की समस्या से राहत पाना चाहता है। लेकिन, अक्सर लोगों इसलिए परेशान रहते हैं, क्योंकि बालों से जुड़ी हर तरह की समस्या के लिए अलग-अलग समाधान होते हैं। आज हम आपके लिए बालों सात तरह की अलग-अलग समस्याओं के लिए एक समाधान लाए हैं। यह है, एलोवेरा। यह एक बेहतरीन घरेलू उपाय के तौर पर जाना जाता है। एलो वेरा विटामिन, फोलिक एसिड, एंजाइम और मिनरल्स से भरपूर है।

### एलोवेरा हेयर मास्क फ्रीजी बालों के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क की मदद से आप अपने फ्रीजी बालों को भी सॉफ्ट और शाइनिंग बना सकते हैं। इसके लिए, आपको चाहिए तीन चम्मच एलोवेरा जेल और एक अंडा। इन दोनों को चम्मच की मदद से मिक्स कर लें। इसके बाद, हेयर ब्रश की मदद से इस मिश्रण को सिर पर अप्लाई करें। आधे घंटे के लिए मिश्रण को लगा रहने दें। अब, अच्छी तरह से शैंपू से हेयर वॉश करें ताकि अंडे की स्मेल बालों में न रहे। ये दोनों ही ऐसे प्रोडक्ट है, जो बालों को पोषण देते हैं, जिससे आपके ड्राई और फ्रीजी बालों से छुटकारा मिलता है।

### एलोवेरा हेयर मास्क डैंड्रफ के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क की मदद से आप अपने रूखे और बेजान बालों में भी जान भर सकते हैं। इसके लिए, आापको चाहिए दो-दो चम्मच एलोवेरा जेल और दही। विशेषज्ञों की मानें, तो दही में प्रोबायोटिक्स होता है, जो डैंड्रफ की समस्या से निजात दिलाने में मदद करता है। इसके साथ ही, इस मिश्रण से बाल शाइनी भी बनते हैं। अगर आपके बाल काफी ज्यादा रूखे हैं, तो



इस मिश्रण में एक चम्मच ऑलिव ऑयल और एक चम्मच शहद भी मिक्स कर सकते हैं। इससे बालों की डैंड्रफ पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

### एलोवेरा हेयर मास्क हेयर ग्रोथ के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क का इस्तेमाल बालों की ग्रोथ के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए, आपको चाहिए रात भर भीगे हुए मेथी दाने का पेस्ट और तीन चम्मच दही। दोनों को आपस में अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को बालों में लगाएं। आधे घंटे के लिए मिश्रण को बालों पर लगाकर रखें। इसके बाद, हेयर वॉश कर लें। इस मिश्रण को रेगुलर बेसिस पर अप्लाई करें। इससे हेयर ग्रोथ तेजी से होगी।

### एलोवेरा हेयर मास्क बालों को मॉइस्चराइज करने लिए

बालों का रूखापन एक सामान्य समस्या है। ऐसा बालों में तेल न लगाने और अच्छे शैंपू का इस्तेमाल न करने की वजह से ऐसा होता है। आप बालों को ऐलोवरो की मदद से मॉइस्चराइज कर सकते हैं। इसके लिए, जरूरी है कि आप एक एलोवेरा के पत्ते से जेल निकाल लें और दो केले छील लें। इन दोनों को आपस में अच्छी तरह मिक्स कर लें। आप इन्हें मिक्स करने के लिए ब्लेंडर का यूज कर कसते हैं। अब इस मिश्रण को अपने साफ बालों पर अप्लाई करें। दो घंटे के लिए मिश्रण को बालों पर लगे रहने दें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

# घर पर आसानी से बनाएं मैंगो आइसक्रीम स्वाद ऐसा कि उंगलियां चाट जाएंगे लोग

गर्मियों के मौसम में आइसक्रीम खाने का अलग ही मजा होता है। बता दें कि गर्मी में आम से बनी आइसक्रीम खाना काफी पसंद किया जाता है। क्योंकि गर्मी में बाजार में आम की बहार आने लगती है। लेकिन गर्मी का पारा जैसे-जैसे बढ़ता है तो शरीर में ठंडक घोलने वाली चीजें खाने की मांग बढ़ जाती है। आइसक्रीम भी गर्मियों में सबसे ज्यादा खाया जाता है। लेकिन अगर आप आम और आइसक्रीम का मजा एक साथ लेना चाहती हैं। तो आप घर पर मैंगो आइसक्रीम ट्राई कर सकती हैं। बता दें कि बच्चों से लेकर बड़ों तक को मैंगो आइसक्रीम का स्वाद बेहद पसंद आएगा। ऐसे में अगर आप घर पर मैंगो आइसक्रीम बनाना चाहती हैं तो इसे बनाने की विधि काफी आसान है। इसके लिए आप सबसे पहले अच्छे आमों का चयन कर लें। इसे आप घर पर आसानी से बनाकर तैयार कर सकती हैं।

**ऐसे बनाएं मैंगो आइसक्रीम :** गर्मी के मौसम में मैंगो आइसक्रीम न सिर्फ आपके मुंह का जायका बदलती हैं, बल्कि शरीर में भी ठंडक घोलने का काम करती है। मैंगो आइसक्रीम बनाने के लिए सबसे पहले अच्छी क्ववालिटी वाले आम लें। अब इन्हें धोकर टुकड़ों में काट लें। फिर मिक्सर में आम के टुकड़ों और चीनी को सॉफ्ट होने तक पीस लें। मिश्रण को एक बाउल में निकालकर उसमें दूध, कंडेन्स्ड मिल्क और चीनी डालकर अच्छे से मिलाएं। जब सारी



चीजें अच्छे से मिक्स हो जाएं तो एक एल्यूमिनियम के कंटेनर में इस मिश्रण को डाल दें। अब कंटेनर को पन्नी से कवर कर 6-7 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस दौरान यह मिश्रण आधा सैट हो जाएगा। फिर इसे फ्रिज से निकालकर दोबारा मिश्रण को सॉफ्ट होने तक पीसें। जब सारा मिश्रण दोबारा पिस जाए तो इसे फिर से कंटेनर में डालकर पन्नी से कवर कर दें। इस बार इसे फ्रिज में 10-12 घंटे के लिए रख दें। इस तरह से आइसक्रीम अच्छे से सेट हो जाएगी। जब यह हार्ड हो जाए तो सर्विंग बाउल में स्कूप कर आइसक्रीम निकाल लें।

## अखंड रामायण का हुआ पाठ



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय तिरूपति बालाजी वेंकटेश्वर मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। वेंकटेश्वर फाउंडेशन की प्रमुख ट्रस्टी मंजू देवी जाजोदिया ने बताया कि पुजारी दिलीप शर्मा, अशोक, नवरतन शर्मा द्वारा अखंड रामायण पाठ किया गया। रामनवमी के अवसर पर आयोजित रामायण पाठ शुरू करने से पहले वेंकटेश्वर भगवान, भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमानजी की विशेष पूजा की गई। विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुए अखंड रामायण पाठ के दौरान उत्साह, आस्था और भक्ति के साथ अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। अखंड रामायण पाठ के दौरान मंदिर परिसर में आध्यात्मिक माहौल बन गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यवस्थापक मोहन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में हरिराम शर्मा, मुकुन सिंह, नरेन्द्र सिंह, पवन कुमार, चंपालाल माहेश्वरी, बजरंगलाल, शिवभगवान, लालचंद नाई ने सहयोग प्रदान किया।

## उचित मूल्य दुकान के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिले की बीदासर, सुजानगढ़, चूरू, राजगढ़/सिद्धमुख, तारानगर, सरदारशहर/भानीपुरा, रतनगढ़ तहसील में उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। जिला रसद अधिकारी अशु तिवाड़ी ने बताया कि इच्छुक व्यक्तियों से उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के दिशा-निर्देशों के तहत विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से लेकर 22 अप्रैल 2026 को सायं 6 बजे तक सशुल्क 100 रूपए भारतीय पोस्टल ऑर्डर के आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। नोटेरी, बुक स्टोर आदि से प्राप्त किये गए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरा हुआ आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक जिला रसद कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक बीदासर तहसील में ढाणी भोमपुरा ग्रामीण में महिला अनारक्षित, ईयारा ग्रामीण में महिला आरक्षितए जोगलसर 1द्2 भाग ग्रामीण में अनारक्षितए सारंगसर ग्रामीण में महिला अनारक्षित, परेवड़ा ग्रामीण में अनारक्षित, बम्बू ग्रामीण में अनारक्षित, वार्ड संख्या 09 बीदासर शहरी में अनारक्षित, सुजानगढ़ तहसील गुड़ावड़ी ग्रामीण में अनारक्षित, वार्ड संख्या 18 सुजानगढ़ शहरी में अनारक्षित, जीली 1/2 भाग ग्रामीण में अनारक्षित, वार्ड संख्या 12 छापर शहरी में महिला आरक्षित, देवाणी ग्रामीण में अनारक्षित, चूरू तहसील में ढ़ाणी लालसिंह पुरा ग्रामीण में महिला आरक्षित, भामासी ग्रामीण में महिला आरक्षित, खासोली ग्रामीण में अनारक्षित, जुहारपुरा ग्रामीण में अनारक्षित, कोटवाद नाथोतान ग्रामीण में अनारक्षित, ढाणी डुंगरसिंह पुरा ग्रामीण में अनारक्षित, राजगढ़/सिद्धमुख तहसील भूवाड़ी 1/2 भाग ग्रामीण में अनारक्षित, कानावासी ग्रामीण में अनारक्षित, भठौड़ ग्रामीण में अनारक्षित, बांगड़वा ग्रामीण में अनारक्षित, चनाना छोटा ग्रामीण में महिला आरक्षित, राजगढ़ वार्ड संख्या 26 नया शहरी में अनारक्षित, राजगढ़ वार्ड संख्या 22 नया शहरी में महिला आरक्षित, जयपुरिया खालसा ग्रामीण में अनारक्षित, नवां 1/2 भाग ग्रामीण में महिला आरक्षित, तहसील तारानगर में पुनसीसर ग्रामीण में अनारक्षित, साहवा 1/2 भाग ग्रामीण में महिला आरक्षित, भाड़ग ग्रामीण में अनारक्षित, बिघराण ग्रामीण में महिला आरक्षित, गोगटिया बाघावतान ग्रामीण में अनारक्षित, तोगावास ग्रामीण में अनारक्षित, सात्यु 1/5 भाग ग्रामीण में अनारक्षित, जवानीपुरा 1/2 भाग ग्रामीण महिला आरक्षित, ढाणी कुम्हारान 1/4 भाग ग्रामीण में अनारक्षित, झांझनी ग्रामीण में अनारक्षित, सरदारशहर/भानीपुरा तहसील के बिकमसरा ग्रामीण में महिला आरक्षित, भोजासर छोटा ग्रामीण में महिला आरक्षित, साजनसर ग्रामीण में अनारक्षित, जैतसीसर 1/2 भाग ग्रामीण में अनारक्षित, करणसर ग्रामीण में अनारक्षित, सरदारशहर वार्ड संख्या 40 नया शहरी में अनारक्षित, रतनगढ़ तहसील के वार्ड संख्या 26 शहरी में अनारक्षित, वार्ड संख्या 07 शहरी में अनारक्षित, वार्ड संख्या 02, 06, 09 शहरी में अनारक्षित, लधासर ग्रामीण में महिला आरक्षित, रतनगढ़ वार्ड संख्या 03 पुराणा शहरी में अनारक्षित, वार्ड संख्या 43 शहरी में अनारक्षित, वार्ड संख्या 11 भाग 1/2 शहरी में महिला आरक्षित शहरी में अनारक्षित श्रेणी में उचित मूल्य की दुकान के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय हनुमंत जन्मोत्सव का शुभारंभ

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मानसरोवर के पटेल मार्ग के सामने न्यू सांगानेर रोड पर प्रजापति विहार स्थित श्री चिन्ताहरण काले हनुमान जी मंदिर में सात दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव का शुक्रवार शाम को निकली कलश यात्रा के साथ हुआ। खोजीजीद्वाराचार्य स्वामी रामरिछपाल देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज सहित अन्य संतों-महंतों और महामंडलेश्वरों के सान्निध्य में विजय पथ चौराहा स्थित खाटूश्यामजी मंदिर से गाजेबाजे के साथ निकली कलश यात्रा को विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम ने पूजा-अर्चना कर रवाना किया। कलश यात्रा में 521 महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती चल रही थी। मुख्य यजमान चंद्रप्रकाश भाड़ेवाला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम-जय हनुमान के जयघोष लगाते चल रहे थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलश यात्रा श्री चिन्ताहरण काले हनुमान जी मंदिर पहुंची। यहां यज्ञकर्ता महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज ने आरती उतारी। मंदिर के प्रवक्ता प्रियाशरण महाराज ने बताया कि शनिवार को खोजीजीद्वाराचार्य स्वामी रामरिछपाल देवाचार्य महाराज के सान्निध्य में एकादश कुंडात्मक हनुमत् महायज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञ के आचार्य पं. अश्विनी चतुर्वेदी के निर्देशन में विद्वान यजमानों ने यज्ञ भगवान को वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दिलवाएंगे। यज्ञ में 2 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक एकादश कुंडात्मक हनुमत् महायज्ञ में वेद मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान की जाएगी।

### हनुमत् कथा आज से

आयोजन के अंतर्गत 28 मार्च से 1 अप्रैल तक दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक हनुमत् कथा होगी। व्यास पीठ से वृंदावन के पं केशवदेव महाराज भक्तमाली कथा श्रवण कराएंगे। शाम 6 से 9 बजे तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 27 मार्च से 2 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12 से 2 बजे तक प्रसादी वितरण किया जाएगा। भजन संध्या में 29 मार्च को श्री महेश मित्र मंडल, 30 मार्च को म्हारे घरां पधारो श्याम संस्था, 31 मार्च को श्री बजरंग सत्संग मंडल तथा 1 अप्रैल को श्री प्रेम भाया मंडल की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# रामनवमी पर शहर के प्रमुख मार्गों से निकली शोभायात्रा

निसं



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** श्री ताल वाले बालाजी मंदिर में सर्व सनातन समाज द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के नवम दिवस प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। कथा के नवम दिवस देवसेना संगठन, रतनगढ़ नागरिक परिषद् सूरत, छः न्याति ब्राह्मण महासभा, सैनी समाज, राजपूत समाज, चारण समाज, राजपुरोहित समाज तथा पुजारी राकेश इंदौरिया ने मुख्य यजमान के रूप में व्यास पीठ की पूजा की। कथा वाचक संत ने बाली वध, सुग्रीव राज्याभिषेक, लंका दहन, मेघनाथ-कुंभकर्ण व रावण वध का प्रसंग सुनाया। राज्याभिषेक की आरती के पश्चात् सर्व सनातन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें संत सीताराम महाराज को रथारूढ़ कर सीताराम, हनुमान, राधा कृष्ण, ऋद्धि-सिद्धि, गणेश, शिव दरबार व महापुरुषों की दिव्य झांकियां निकाली गई। इस अवसर पर श्राम सजाओ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बालक बालिकाएं अपने घरों से सज संवर कर शामिल हुए। इन झांकियों में नवोदयन विद्यालय की नवदुर्गा झांकी, चतुर्भुज विष्णु की झांकी, माता शबरी के जूठे बेर खाते हुई राम की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। दिव्य स्वरूपों में सजे नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं से वातावरण दिव्य हो उठा। देवकिशन स्मृति सेवा समिति, भारत विकास परिषद, मंगल भवन, भाजपा आदि विविध संगठनों व व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा कर व शीतल पेय पिलाकर जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत सत्कार किया गया। नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शोभायात्रा पुन: ताल वाले बालाजी मंदिर पहुंची जहां प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली झांकियों को संत के कर कमलों से पुरस्कृत करवाया गया। शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी पात्र बालक बालिकाओं को विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से प्रतीक चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप व्यास ने किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण सेवदा द्वारा शोभायात्रा में शामिल होने वाले तथा स्वागत सत्कार करने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक पुसाराम गोदारा, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, मुरारी लाल पारीक, राजकुमार महर्षि, परमेश्वर लाल आत्रेय, कैलाश आत्रेय, संतोष बाबु इन्दौरिया, रामदेव चंदनिया, अनिल लाटा, वासुदेव चाकलान, मनोज जोशी, राहुल व्यास, चांद रिणवा, राजकुमार सतासरिया, रामदेव चन्दनिया, वासुदेव चाकलान, पीरूमल भोभरिया, ओम प्रकाश पुजारी, कृष्ण कुमार रामावत, मुन्नी शर्मा, सरिता पड़िहार आदि सैकड़ों की संख्या में सनातन प्रेमी नागरिक उपस्थित थे। पुलिस प्रशासन की माकुल व्यवस्था रही।

# हनुमत् जन्मोत्सव पर खोले के हनुमान मंदिर में पहली बार होगा राम यज्ञ

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय की कामना के साथ श्री खोले के हनुमान मंदिर में हनुमत् जन्मोत्सव के उपलक्ष में 29-30 मार्च को द्विदिवसीय राम यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसमें सवा लाख आहुतियां दी जाएंगी। पंच दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव के तहत मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या सहित अनेक आयोजन होंगे। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि श्री खोले के हनुमानजी के चरणों में संस्थापक ब्रह्मलीन पं. राधेलाल चौबे की प्रेरणानुसार यह आयोजन होगा। सनातन परम्परा में यज्ञ को सर्वश्रेष्ठ कर्म कहा है। यज्ञादि परम्परा अनादिकाल से चली आ रही है। यज्ञ में जिस देवता को आहुति दी जाती है, वह प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते ही हैं। साथ ही वातावरण शुद्ध और पवित्र होता है। यह विज्ञान ने भी सिद्ध किया है। राम यज्ञ में राम स्तुति से हनुमान जी ही नहीं अपितु, सभी देवी-देवता प्रसन्न होते हैं। बृजमोहन शर्मा ने बताया कि हनुमत् जन्मोत्सव के तहत 30 मार्च की संध्या में पद्मश्री गुलाबो सपेरा द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। 31 मार्च की शाम 7 बजे भारतीय कला संस्थान डीग के कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण लीला एवं महारास विष्णु शर्मा एवं अशोक शर्मा के संयोजन में प्रस्तुत करेंगे। बुधवार 1 अप्रैल को सुपर स्टार सिंगर फेम आकांक्षा राव भजन गायन करेगी। इसी दिन कहरवा म्युजिक अकादमी के प्रसिद्ध तबला वादक पं विजय सिद्ध, विख्यात गायक पं विजयेन्द्र गौतम भक्ति संगीत प्रस्तुत करेंगे। पंच दिवसीय हनुमत् जन्मोत्सव के अन्तिम दिन 2 अप्रैल की शाम 7 बजे श्री श्याम ज्योति भजन संध्या परिवार मनोहारी भजनों की प्रस्तुति देगा। इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन और हनुमत् जन्मोत्सव पर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। वृद्धजन, असहाय के लिए मंदिर परिसर में बैटरी चलित वाहनों की व्यवस्था रहेगी।

## हीदा की मोरी पर किया शोभायात्रा का स्वागत



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्रीराम नवमी पर सूरजपोल अनाज मंडी से निकली शोभायात्रा का विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और श्री राधा गोविंद सेवा परिवार की ओर से रामगंज के हीदा की मोरी पर स्वागत किया गया। अध्यक्ष आलोक बालाहेडी ने बताया कि शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई और श्रद्धालुओं को शीतल पेय पिलाया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम, विश्व हिंदू परिषद से राकेश शर्मा, जयपुर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मीणा, अमरनाथ महाराज, भाजपा नेता रवि नैयर, हिंदू जागरण मंच से सुभाष शर्मा, राजकुमार शर्मा, मोहन बालाहेडी, उमेश सैनी, गौतम, विजय, मुकेश शर्मा, सुनील शर्मा, सुनील पारीक, अक्षत सैनी, सौरभ वैष्णव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# विश्व जागृति मिशन की स्थापना दिवस पर नवचंडी यज्ञ आयोजित

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** विश्व जागृति मिशन की स्थापना के 35 वर्ष पूर्ण होने पर आदर्श नगर स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में जयपुर मंडल की ओर से नवचंडी यज्ञ, अखण्ड रामायण पाठ, कन्या पूजन, महाआरती और भंडारा प्रसादी सहित कई धार्मिक और आध्यामिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। आचार्य मोहन शास्त्री और पं विष्णु कुमार शर्मा के सानिध्य में मंडल अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, द्वारका प्रसाद मुटरेजा, हेम भार्गव, दिनेश सैनी, मदन लाल शर्मा, राजेश अरोड़ा, कांता भल्ला, इंदु भार्गव, आनंदी देवी, ज्ञान कंवर, अलका अरोड़ा और रेनू कर्मचदानी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां दी। 500 से अधिक कन्याओं का पूजन किया गया। स्थापना दिवस पर नई दिल्ली में आनंदधाम आश्रम में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज ने डिजिटल माध्यम से प्रसारित विशेष संदेश में कहा कि हम सब बेहतरीन जीवन जी सके इसके लिए देश और समाज को ऊंचा उठाने के लिए धर्म और अध्यात्म की गंगा को जन-जन तक पहुंचाने में सतत भागीदारी का संकल्प लें। मिशन द्वारा गत 35 वर्ष में भारत में 88 और अन्य देशों में स्थित 11 शाखाओं के माध्यम से भारत के आध्यात्मिक वाङ्मय को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

## संपत शक्ति का स्थापना दिवस मनाया

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में श्री धोलीशक्ति मंदिर के प्रांगण में श्री संपत शक्ति मंदिर का 47 वां स्थापना दिवस आचार्य पंडित दीपक शर्मा के सानिध्य में मां शक्ति की पूजा अर्चना, भजन कीर्तन, इच्छापूर्ण हवन व कन्या पूजन करके उत्साह से मनाया गया। इस मौके पर भजन गायिका सुमन शर्मा ने मां शक्ति के भजनों की प्रस्तुति दी और धर्म श्रद्धालुओं को संकीर्तन कराया। देवी पूजन कार्यक्रम में दीपिका सांखला, प्रिया चोटिया, टीना सोनी, सरिता चांडक, कोमल शर्मा, गुंजन शर्मा, उर्वशी जोशी, कृष्णा पिंपलवा ने कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाने में सहयोग किया। रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम की संजीव झांकी भी सजाई गई।

## पुष्य नक्षत्र में आज होगा प्रथम पूज्य का पंचामृत अभिषेक

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शनि पुष्य नक्षत्र में शनिवार को छोटीकाशी के गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्य का पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सुबह आठ बजे से पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक में 251 किलो दूध, 21 किलो दही, घी, 21 किलो बूरा, शहद, केवड़ा जल, गुलाब जल, केवड़ा इत्र एवं गुलाब इत्र का उपयोग किया जाएगा। सर्वप्रथम भगवान का गंगाजल, केवड़ा जल एवं गुलाब जल से अभिषेक किया जाएगा। पंचामृत से अभिषेक के बाद गंगाजल से शुद्ध स्नान कराया जाएगा। सुबह 11 बजे भगवान श्री गणपति के सहस्त्रनाम के साथ 1001 मोदकों का भोग अर्पित किया जाएगा। पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं को रक्षा सूत्र एवं स्वास्थ्य की कामना के लिए हल्दी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। शाम 4 बजे भगवान गणेश महाराज को फूल बंगले में विराजमान कराया जाएगा तथा उन्हें नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। इस अवसर पर भगवान को विशेष भोग के रूप में खीर अर्पित की जाएगी।

## एक ही परिवार की दो बहनों ने रचा सफलता का इतिहास



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** रजनी विहार कॉलोनी के एक ही परिवार की दो प्रतिभाशाली बहनों ने राजस्थान बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। एक निजी विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा आर्षी काबरा ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की, वहीं उनकी बहन अवि काबरा ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दोनों बहनों की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में हर्ष का माहौल है बल्कि रजनी विहार कॉलोनी सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व की भावना है।

शिक्षकों ने भी दोनों छात्राओं को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवारजनों ने बताया कि दोनों बहनों ने नियमित अध्ययन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## शोभायात्रा में जेबतराशी करने वाले दो चालान शुदा जेब तराश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** रामनवमी के पावन अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा में पुलिस ने मुस्तैदी से निगरानी करते हुए चालानशुदा शातिर दो जेब तराशों को हिरासत में लिया है। पुलिस दोनो जेब तराशों के शोभायात्रा में जेब तराशी की वारदातों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। गौरतलब है कि रामनवमी के पावन अवसर पर निकली विशाल शोभायात्रा में जेब तराशी की वारदात को अंजाम देने के लिए दो शातिर जेब तराश शोभायात्रा में शामिल हो गए लेकिन पुलिस की पुख्ता व्यवस्था और सादा वर्दी में शोभायात्रा की निगरानी कर रहे पुलिस कर्मियों ने दोनों शातिर चालान शुदा जेब तराशों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमन अली और फरमान निवासी एसमा ट्रेवल्स, वलीद मस्जिद वाली गली, फायर स्टेशन के सामने, थाना लाल कोठी, जयपुर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से चोरी के मामले दर्ज हैं और ये चालान शुदा अपराधी हैं।

# तीन दिवसीय विराट युवती सम्मेलन का शुभारंभ

निसं



**लाडनूं (नवयत्न)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की वर्किंग कमेटी सदस्यों की एक विशेष बैठक लाडनूं स्थित घोषल गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता को बढ़ावा देना रहा, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने पर गहन चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष सुमन नाहटा ने जानकारी देते हुए बताया कि सालासर में तीन दिवसीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य सम्मेलन में देश के 19 राज्यों से युवा शक्ति एवं महिलाएं भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन लगभग 50 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित किया जा रहा है, जिसका समापन 29 मार्च को आचार्यश्री महाश्रमण के सान्निध्य में लाडनूं में होगा। महामंत्री रचना हिरण ने बताया कि सम्मेलन के शुभारंभ से पूर्व लाडनूं में महिला मंडल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान तीन दिवसीय विराट युवती सम्मेलन को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई और विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद सभी पदाधिकारियों एवं महिला सदस्यों ने गुरुदेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर में भरा रामनवमी का मेला

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** छालियावाली जोहड़ी श्रीमाधोपुर स्थित इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर में रामनवमी का मेला गुरुवार को बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। मंदिर के प्रधान सेवक शंकर लाल चोटिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर बालाजी का भव्य श्रृंगार किया गया, मंदिर को भगवा पताकाओं से सजाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में कुश्ती, कबड्डी की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न श्रेणी में 50 से लेकर 5100 तक की कुश्ती का आयोजन किया गया। कुश्ती की 1100 रुपए की प्रतियोगिता मोहित पहलवान ने तथा 2100 रुपए की प्रतियोगिता अक्कू जयरामपुरा ने जीती। वही श्रीमाधोपुर के विजय अखाड़ा के नेतराम ने 5100 रुपए की कुश्ती की प्रतियोगिता जीती। वही कब्बड्डी में विजयपुरा टीम ने 2100 रुपए की प्रतियोगिता में जीत हासिल की। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं का मेला कमेटी की ओर से सम्मान किया गया और मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदारों का भी सम्मान किया गया। इससे पहले मंच का संचालन सत्यवान प्रीतमपुरी ने किया। मैच रैफरी के तौर पर भागूराम कड़वासरा ने भूमिका निभाई। कमेटी के सुरेंद्र पंसारी बताया कि मेले में जो मेले लाटरी का ईनाम लेने से वंचित रहे उन्हें बाद में इनाम रींगस बाजार से वितरित कर दिया जाएगा। ईनामो में अंतिम स्कूटी का ईनाम उमेश पारीक के निकला। इस अवसर पर मेले के आयोजक सुरेंद्र पंसारी, राजेंद्र पंसारी, ओमप्रकाश काबरा, सत्यनारायण काबरा, पुजारी शंकर लाल चोटिया, शारीरिक शिक्षक सुरेश यादव, शारीरिक शिक्षक श्रीराम समोता, अजय सामोता, नेकीराम पहलवान, झाबर मल महला, एडवोकेट झाबर कूड़ी, विजय पहलवान, नेकीराम जाट, रामेश्वर, सावर चोटिया, देवाशीष, शुभम टेलर, बृजमोहन शर्मा, चिंकू राणा, विवेक बजाज, भोलाराम मीणा, अनिल मीणा, शंकर श्यामगढ़ वाला, सुरेश ठठेरा, राहुल शर्मा, कान्हा सेवदा, राजाराम मीणा, कबड्डी टीम आपणी झोपड़ी के कैप्टन सुवालाल मीणा आदि मौजूद रहे। गुरुवार को प्रात: मंदिर में संगीत में सुंदरकांड पाठ व भजनों का आयोजन किया गया व बालाजी का अलौकिक श्रृंगार किया गया।

## गर्मी में बहुत फायदेमंद होता है मखाने का रायता, इसकी रेसिपी और सेहत को मिलने वाले ढेर सारे फायदे

मखाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसे आप कई तरीके से खा सकते हो और इसे घी में रोस्ट करके खा सकते हैं। इसके अलावा मखाना का रायता भी गर्मियों के लिए काफी अच्छा होता है। मखाने में कैल्शियम, मैग्नीशियम, कार्ब्स और प्रोटीन से भरपूर होता है। साथ ही यह ग्लूटेन फ्री भी होता है। मखाना के सेवन से कोलेस्ट्रॉल, फैट और सोडियम की मात्रा कंट्रोल में रहती है। इसके अलावा विटामिन्स, फॉस्फोरस और खनिज से भरपूर होते हैं। साथ ही इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं। इसका रायता बनाने बेहद आसान होता है। मखाना रायता आपको गर्मियों में हाइड्रेट रखता है और शरीर को तंदुरुस्त बनाए रखते हैं।



### हड्डियों को बनाए मजबूत

मखाने में काफी मात्रा में कैल्शियम पाई जाती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करता है। यह हड्डियों के दर्द और गठिया रोग की समस्या भी ठीक हो सकती है। मखाना रायता आप दोपहर के खाने के समय खा सकते हैं। वजन कम करने के लिए ये उपयोगी होता है।

### प्रेगनेंसी में फायदेमंद

प्रेग्नेंसी में मखाना महिला और शिशु दोनों के लिए फायदेमंद होता है। मखाना रायता खाने से गर्भवती महिलाओं को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। इसके सेवन से शारीरिक कमजोरी और थकान भी दूर होती है।

### ब्लड शुगर लेवल

मखाना का रायता खाने से ब्लड शुगर कंट्रोल में रहता है। यह डायबिटीज के रोगियों के लिए काफी फायदेमंद होता है क्योंकि इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम होता है।

### हार्ट के लिए फायदेमंद

मखाना रायता में भरपूर मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो हार्ट के लिए फायदेमंद माना जाता है। हृदय संबंधी समस्याओं में मखाना का सेवन काफी फायदेमंद होता है। साथ ही इससे कोलेस्ट्रोल लेवल और हाई ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रखता है।

### पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद

मखाना रायता खाने से पाचन तंत्र भी सही रहता है। यह खाने को आसानी से पचा सकता है और अपच की समस्या से भी दूर रखता है। इसके अलावा इससे गैस और कब्ज की दिक्कत नहीं होती है।

## सहजन की पत्तियों का जूस पीने से शरीर की इन समस्याओं में मिलता है फायदा, इसे पीने का तरीका

सहजन सेहत के लिए फायदेमंद एक पौष्टिक सब्जी है। सहजन को कई लोग मोरिंगा के नाम से भी जानते हैं। सहजन की सब्जी का सेवन करने के अलावा इसके फूल और पत्तियों का सेवन भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। सहजन सेहत के लिए एक बेहतरीन सुपरफूड है। सहजन की पत्तियों का पराठा भी खूब पसंद किया जाता है और इसका सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। सहजन की पत्तियों में सेहत के लिए फायदेमंद मल्टीविटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट गुण और एमिनो एसिड पाए जाते हैं। सहजन का इस्तेमाल खाने के अलावा कई तरह की आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने के लिए किया जाता है। कई गंभीर बीमारियों को दूर करने के लिए सहजन की पत्तियों का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। सहजन की पत्तियों का जूस कई गंभीर समस्याओं और बीमारियों में फायदेमंद माना जाता है। आइये विस्तार से जानते हैं सहजन की पत्तियों का जूस पीने के फायदे और इस्तेमाल का तरीका। आयुर्वेद में सहजन की पत्तियों के फायदे के बारे में विस्तार से बताया गया है। आयुर्वेद में सहजन को 300 से ज्यादा बीमारियों की दवा माना गया है। इसकी पत्तियों में कार्ब्स, प्रोटीन, कैल्शियम, पोटेशियम, आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन बी काम्प्लेक्स प्रचुर मात्रा में होता है।



**डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद :** सहजन की पत्तियों में मौजूद गुण डायबिटीज की समस्या में बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को संतुलित करने में सहजन की पत्तियां बहुत फायदेमंद मानी जाती हैं। हमेशा ये सलाह दी जाती है कि डायबिटीज की समस्या में सहजन की पत्तियों के जूस का सेवन बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं करना चाहिए।

**वजन कम करने में फायदेमंद :** सहजन की पत्तियों में एंटी-ओबेसिटी गुण पाए जाते हैं। इसका सेवन मोटापे की समस्या में बहुत फायदेमंद होता है। वजन कम करने के लिए आप सहजन की पत्तियों का जूस रोजाना पी सकते हैं। चूंकि आज के समय में असंतुलित खानपान और जीवनशैली की वजह से काफी लोगों में मोटापे की समस्या देखने को मिल रही है। ऐसे में आप वजन कम करने के लिए सहजन की पत्तियों का जूस पी सकते हैं।

**हड्डियों को मजबूत करने में फायदेमंद :** हड्डियों की समस्या में सहजन की पत्तियां बहुत फायदेमंद मानी जाती हैं। सहजन या मोरिंगा में कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस प्रचुर मात्रा में पाया जाता है जो हड्डियों को हेल्दी रखने के लिए बहुत जरूरी माना जाता है। सहजन की पत्तियों का जूस पीने से ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

**खून को साफ रखने में फायदेमंद :** सहजन की पत्तियों का इस्तेमाल खून को साफ करने के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। सहजन की पत्तियों में मौजूद गुण खून को डिटॉक्सिफाई करने का काम करता है। इसका जूस पीने से शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ यूरिन के जरिए बाहर निकल जाते हैं। आप डॉक्टर की सलाह के आधार पर ही इसका सेवन करें।

**पेट के लिए फायदेमंद सहजन की पत्तियों का जूस :** पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सहजन की पत्तियों का जूस बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसका सेवन करने से पेट दर्द की समस्या और पेट के अल्सर में बहुत फायदा मिलता है। सहजन की पत्तियों में मौजूद गुण अल्सर के जोखिम को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं।

## बालों और स्किन को हमेशा हेल्दी रखने के लिए जरूरी है ब्यूटी स्लीप

नींद लेना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए पर्याप्त नींद लेना बहुत जरूरी है। जब आप पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो यह सिर्फ आपके शारीरिक स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि आपके मानसिक स्वास्थ्य, त्वचा और बालों की हेल्थ को भी प्रभावित करता है। लेकिन इन दिनों हम में से ज्यादातर लोग नींद न आने की समस्या से परेशान हैं, जो हमारी सेहत को नुकसान पहुंचा रहा है। लेकिन क्या आपने कभी ब्यूटी स्लीप के बारे में सुना है, जिसे त्वचा और बालों की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है? अगर आपका जवाब ना है तो आप बिल्कुल सही जगह पर हैं।



**क्या है ब्यूटी स्लीप :** ब्यूटी स्लीप कोई नई चीज नहीं है, ब्यूटी स्लीप एक अच्छी गुणवत्ता वाली नींद है। इन दिनों में हम में से ज्यादातर लोग व्यस्त जीवनशैली के चलते पर्याप्त नहीं नहीं ले पाते हैं। यहां तक कुछ लोग देर रात तक मोबाइल फोन या अपने लैपटॉप से चिपके रहते हैं। जिससे आंखों के नीचे काले घेरे, सूजन और स्किन डल पड़ने लगती है। वहीं, जब आप अगर आप एक अच्छी गुणवत्ता वाली नींद लेते हैं तो अगले दिन आप फ्रेश और एनर्जेटिक महसूस करते हैं, साथ ही हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाती है। इसे ही ब्यूटी स्लीप कहा जाता है। इन दिनों ज्यादातर सेलिब्रिटीज सुंदर और जवां दिखने के लिए 7-8 घंटे की अच्छी नींद या ब्यूटी स्लीप जरूर लेते हैं।

**त्वचा के लिए कैसे फायदेमंद है ब्यूटी स्लीप :** जब आप एक अच्छी नींद लेते हैं तो यह त्वचा को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। इससे त्वचा में ब्लड फ्लो बेहतर होता है। साथ ही थकी और सुस्त से त्वचा से छुटकारा मिलता है। इसके अलावा आंखों के नीचे काले घेरे, आई बैग्स की समस्या से निजात मिलती है। साथ ही आपको एक साफ और दमकती त्वचा मिलती है।

**बालों के लिए कैसे फायदेमंद है ब्यूटी स्लीप :** जब आप एक अच्छी और पर्याप्त नींद लेते हैं तो यह आपके बालों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। स्कैल्प में ब्लड फ्लो अच्छी तरह होता है जिससे बालों को पोषण मिलता है। बालों की रंगत बेहतर होती है, आपको काले चमकदार बाल मिलते हैं। बालों की झड़ने की समस्या कम होती है, आपको घने और लंबे बाल मिलते हैं।

**कम नींद लेने से सेहत को होने वाले नुकसान :** अगर आप पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो यह आपकी संपूर्ण स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। कई गंभीर समस्याओं का जोखिम बढ़ता है, जैसे मोटापा, डायबिटीज, हृदय रोग, अनियंत्रित ब्लड प्रेशर, तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं। इसके साथ ही त्वचा और बालों को भी नुकसान पहुंचता है।

## भिंडी से बनाएं ये बेहतरीन फेस पैक, चेहरे पर निखार लाने के साथ-साथ मिलेंगे कई फायदे

विटामिन ए, सी, फोलेट और कैल्शियम जैसे कई अन्य जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर भिंडी सिर्फ खाने में ही स्वादिष्ट नहीं होती यह आपकी त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। अक्सर धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण आपके चेहरे पर गंदगी की परत जम जाती है। जिसके कारण आपके चेहरे पर कील-मुंहासे व अन्य दिक्कतें होने लगती हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए आज हम बताने जा रहे हैं भिंडी के फेसपैक के बारे में। ये फेसपैक आपके चेहरे को ग्लोइंग बनाते हैं और फाइन लाइन्स के साथ ही मुंहासों की दिक्कत से भी छुटकारा दिलाते हैं।



### भिंडी और पानी

- भिंडी और पानी का फेसपैक एंटी एजिंग गुणों से भरपूर होता है। इसे चेहरे पर लगाने से बढ़ती उम्र के लक्षणों को चेहरे पर दिखने से रोका जा सकता है।
- भिंडी और पानी का फेसपैक बनाने के लिए सबसे पहले 5 से 6 भिंडी लें।
- इन्हें पानी के साथ मिलाकर पीस लें। इससे एक गाढ़ा पेस्ट बनेगा।
- अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं।
- 10 मिनट लगाकर रखने के बाद अपने चेहरे को सादे पानी से धो लें।

### भिंडी और नींबू

- इस फेसपैक को लगाने से त्वचा पर मौजूद दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है। फेशियल हेयर्स को कम करने के लिए भी आप इसे लगा सकते हैं।
- सबसे पहले 5 से 6 भिंडी लेकर इनके 2 टुकड़े कर लें।
- कटी हुई भिंडी को उबालकर पेस्ट बना लें।
- भिंडी के पेस्ट में 3 से 4 बूंद नींबू के रस की मिलाएं।
- इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं।
- जब यह सूख जाए तब साफ पानी से चेहरा धोएं।



### भिंडी और दही

- भिंडी में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो कोलेजन के उत्पादन को बढ़ावा देते हैं। इससे त्वचा में निखार आता है।
- कुछ भिंडी लेकर इन्हें उबाल लें।
- उबली हुई भिंडी का पेस्ट बनाएं।
- अब इसमें दही के साथ ऑलिव ऑयल मिला लें।
- इसे अपने चेहरे पर 10 मिनट के लिए लगाएं।
- इसके बाद चेहरा धो लें।

### भिंडी और जीरा

- भिंडी और जीरा वाला फेसपैक लगाने से त्वचा में फाइन लाइन्स के साथ रिंकल्स को करने में मदद मिलती है।
- भिंडी-जीरे का फेसपैक बनाने के लिए 8 से 10 भिंडी लें।
- सभी भिंडी के साथ आधा चम्मच जीरा पानी में डालकर उबालें।
- अब इस पानी को ठंडा होने के बाद अपने चेहरे व गर्दन पर लगाएं।
- इसे 10 से 15 मिनट लगा ही छोड़ दें।
- सूखने के बाद अपने चेहरे को साफ पानी से धोएं।

### भिंडी का पेस्ट

- भिंडी के पेस्ट को फेसपैक के तौर पर लगाने से त्वचा में कसाव लाने में मदद मिलती है। इससे झुर्रियां कम होती हैं और चेहरा पर ग्लो आता है।
- भिंडी के पेस्ट को भी सीधा अपने चेहरे पर लगा सकते हैं।
- इस पेस्ट को बनाने के लिए सबसे पहले कुछ भिंडी लें।
- इन्हें अच्छी तरह से पीस लें।
- अब इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं।

## बच्चों के पसीने से बदबू आना हो सकता है कई समस्याओं का संकेत

शरीर से गंध तब आती है, जब हमारे बैक्टीरिया हमारी पसीने से जुड़ी ग्रंथियों को प्रभावित करता है। ऐसा आमतौर पर बुखार होने पर, मसालेदार खाना खाने, गर्म और उमस भरी स्थिति में पूरे शरीर में मौजूद एक्राइन पसीने की ग्रंथियों के कारण होता है। यह शरीर में पसीना बनाता है और कई बार इनसे बदबू भी आ सकती है। ऐसा बच्चों में भी होता है क्योंकि बैक्टीरिया के कारण बच्चों के पसीने में भी गंध और स्किन तैलीय हो जाती है। कई बार बच्चों में भय, तनाव या चिंता के कारण भी पसीने की बदबू की समस्या हो सकती है। छोटे बच्चों के शरीर से पसीने की बदबू नहीं आती है लेकिन आठ साल से अधिक उम्र के बच्चों को पसीने आते हैं और कई बार इससे दुर्गंध भी आ सकती है। किशोरों में ये दिक्कत अधिक हो सकती है।



**हाइजीन के कारण :** कई बार बच्चों में पसीने की बदबू का कारण सफाई की कमी हो सकती है। गंदे कमरे, अनियमित स्नान और कपड़ों के कारण भी पसीने की बदबू आ सकती है। बैक्टीरिया के कारण भी बच्चे के शरीर से गंध आ सकती है।

**भोजन की गलत आदतें :** पसीने की दुर्गंध का कारण बच्चे का खानपान भी हो सकता है। ज्यादा तैलीय और मसालेदार भोजन करने से भी पसीने से बदबू आ सकती है। कुछ भोजन पचने के बाद भी आपकी त्वचा छिद्रों से रिसकर गंध पैदा कर सकते हैं। साथ ही सांस से भी गंध आने की संभावना बनी रहती है।

**अधिक लहसुन और प्याज के सेवन से :** अगर आपका बच्चा बहुत अधिक लहसुन और प्याज का सेवन करता है, तो इससे भी पसीने की बदबू आ सकती है। इसके अलावा प्रोसेस्ड फूड और फाइबर की कमी से भी पसीने से गंध आती है।

**युवावस्था के दौरान :** यदि आपका बच्चा युवावस्था में प्रवेश करने जा रहा है, तो उस दौरान भी उसके शरीर से गंध आने की समस्या हो सकती है। शरीर में हार्मोनल परिवर्तन के कारण बच्चों को अधिक गर्मी या पसीने की समस्या हो सकती है। कई बच्चों की इस दौरान मूड स्विंग और तनाव की समस्या हो सकती है।

**हेल्थ कंडीशन्स के कारण :** कई बीमारियों के कारण भी आपके शरीर से गंध आ सकती है। इसके लिए किडनी की समस्या, डायबिटीज और अंगों की सूजन के कारण हो सकता है। बच्चे में ज्यादा पसीना का कारण हाइपरहाइड्रोसिस हो सकता है। ऐसे मामलों में आपको तुंरत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### बच्चों में शरीर से बदबू आने के लक्षण

- पैर, हाथ और बगल से तेज पसीने की गंध आना।
- नींद के दौरान पसीना आना।
- ठंडे हाथ और वजन कम होना।
- संक्रमण और सांस फूलने की समस्या होना।

### बच्चों के शरीर से गंध आने के उपचार

- बच्चों के शरीर से पसीने की बदबू आने के कारण आप एंटी-बैक्टीरियल क्रीम का उपयोग कर सकते हैं। इससे पसीने में कमी आ सकती है।
- बहुत अधिक तैलीय और मसालेदार खाने के सेवन से भी परहेज करें और नॉनवेज का सेवन भी सीमित मात्रा में करें।
- पानी बहुत अधिक मात्रा में लें और हो सके तो अपनी डाइट में जूस को जरूर शामिल करें।
- इसके अलावा बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी प्रकार की दवाईयों का प्रयोग बिल्कुल न करें।

### पसीने की बदबू के घरेलू उपचार

**नहाने के पानी में नींबू का रस :** पसीने की बदबू से छुटकारा पाने के लिए आप नींबू के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह शरीर के पीएच स्तर को बढ़ाता है और पसीना कम आने में मदद करता है और बैक्टीरिया के विकास को रोका जा सकता है। इसके लिए आप नहाने के पानी में कूछ बूंदें नींबू का रस मिला सकते हैं।

**नींबू के रस को संवेदनशील जगहों पर लगाएं :** एक कप पानी में एक चम्मच नींबू का रस घोलें और इस मिश्रण को कॉटन बॉल में भिगोएं और बच्चे के कांख वाले हिस्से पर लगाएं।

**नहाने के पानी में नीम के पत्ते मिलाना :** नीम के पत्ते भी बैक्टीरिया को दूर रखने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसे पानी में डालकर नहाने से आपको पसीने की गंध और तैलीय त्वचा से राहत मिल सकती है।

## त्वचा पर सरसों तेल और लौंग का पेस्ट लगाने से दूर हो सकती हैं ये समस्याएं



सरसों तेल और लौंग का मिश्रण आपके लिए कई तरीकों से फायदेमंद हो सकता है। इसके मिश्रण का उपयोग त्वचा संबंधी समस्याओं में किया जा सकता है। इसके अलावा अगर आपको बालों से संबंधित भी कोई परेशानी है, तो लौंग और सरसों तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। दरअसल सरसों तेल और लौंग में कई औषधिय गुण पाए जाते हैं, सरसों तेल में विटामिन जैसे थियामाइन, फोलेट व नियासिन पाए जाते हैं, जो शरीर के मेटाबाल्जिम को बढ़ाते हैं और यह बालों के लिए भी फायदेमंद होता है। साथ ही शरीर के दर्द से भी ये आराम दिलाता है। वहीं लौंग में आयरन, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, कैल्शियम, फोलेट, फाइबर, विटामिंस, जिंक, कॉपर, सेलेनियम, थियामिन, सोडियम, मैंगनीज और पोटैशियम जैसे कई गुणकारी तत्व पाए जाते हैं। साथ ही इसमें कई एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं। इनका उपयोग आप कई तरीके से कर सकते हैं।

### मुहांसों के लिए फायदेमंद

अगर आप अपने चेहरे पर होने वाले कील-मुहांसों से परेशान है, तो आप लौंग और सरसों तेल के पेस्ट का इस्तेमाल इन मुहांसों पर कर सकते हैं। इसके अलावा यह आपको दाग-धब्बों और रूखी त्वचा से निजात दिला सकते हैं। लौंग की वजह से आपको स्किन में खुजली और सूजन भी नहीं होती है।

### बाल को कंडीशनर करे

कई बार हमारे बाल प्रदूषण और गर्मी के कारण गंदे और रूखे हो जाते हैं। साथ ही यह बालों को मुलायम और कंडीशनर करने में भी मदद करता है। यह स्कैल्प को भी हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है, जिससे बालों का झड़ना कम हो सकता है। साथ ही इससे बाल काले और मजबूत हो सकते हैं।

### दाग-धब्बे के निशान हटाएं

कई बार दाग-धब्बे के निशान के कारण आपकी स्किन दमकती और निखरी नजर नहीं आती है। साथ ही आपकी त्वचा रूखी और बेजान भी दिखाई देने लगती है। इससे आपकी सुंदरता और त्वचा पर उपयुक्त वसा की मात्रा भी बनी रहती है। इसके लिए आप लौंग और सरसों तेल के पेस्ट को दाग-धब्बे पर लगा सकते हैं।

### त्वचा की झुर्रियों को ठीक करे

उम्र बढ़ने के साथ त्वचा पर झुर्रियां और फाइन लाइन्स दिखाई देने लगते हैं और त्वचा का प्राकृतिक निखार धीरे-धीरे कम होने लगता है। साथ ही यह आपकी स्किन के कसाव को भी कम कर देता है।

### स्किन इंफेक्शन को करे दूर

कई बार स्किन इंफेक्शन की वजह से स्किन सुंदर और दमकती नजर नहीं आती है। स्किन इंफेक्शन के कई कारण हो सकते हैं। अक्सर प्रदूषण और गंदगी के कारण इंफेक्शन हो सकता है लेकिन आप स्किन को अच्छे से साफ करके उसपर सरसों तेल और लौंग का पेस्ट लगा सकते हैं। इससे काफी फायदा मिलता है।

# जय श्री राम से गूंजा गुप्त वृन्दावन धाम



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनवमी के पावन पर्व पर गुप्त वृन्दावन धाम में प्रभू श्रीराम का स्वागत धूमधाम से किया गया। पूरा धाम जय श्री राम के जयकारे से गुंजायमान हो गया। 27 मार्च को रामलला का जन्मोत्सव मंदिर में पूरी भव्यता के साथ मनाया गया। हजारों लोगों ने भगवान् श्रीराम के नाम का उच्चारण करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। रामनवमी के पावन पर्व पर गुप्त वृन्दावन धाम में चार दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया। प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर मंदिर में संध्या में राम तारक यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें भगवान राम के 108 पवित्र नामों का उच्चारण करते हुए मंत्रों की आहुतियां दी गई। पूरे धाम का वातावरण राम मय हो गया। गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने राम तारक यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस यज्ञ में भगवान के पवित्र नाम श्रीराम अष्टोत्तर का उच्चारण होगा। यह यज्ञ मानव जीवन में सुख, शांति, समृद्धि प्रदान करने वाला है राम नाम का उच्चारण जीवन की सभी बाधाओं को दूर करता है।

# मुस्लिम समाज ने किया राम भक्तों का स्वागत



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** हर साल की भांति इस साल भी कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव मोइनुदीन खान के नेतृत्व में मुस्लिम भाइयों द्वारा जीवराजका गेस्ट हाउस नवलगढ़ पर श्रीराम नवमी शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रिटायर्ड फौजी मुश्ताक खान चौहान, रफीक जनता टेलर, लियाकत मोयल, मकसूद खान खोकर, युनुस खान एल्माण, बाबूलाल टाईगर, इक़बाल बेहलीम, फैयाज खान बडगूजर, बाबू खान, फिरोज सहित अनेक लोगों ने पुष्प वर्षा कर हिन्दू भाईयों का स्वागत किया।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना क्षेत्र में विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से लाखों रुपए ठगने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चंडीगढ़ स्थित माइलस्टोन एजुकेशन एंड इमिग्रेशन सर्विसेज फर्म के ऑनर अनु ठाकुर, सुमन, काउंसलर तपेश व गीतांजलि के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। एसआई नरेन्द्र कुमार के अनुसार मानसरोवर निवासी सुरेश कुमार मीना ने रिपोर्ट दी कि एक वर्ष पहले ऑनलाइन संपर्क के बाद आरोपियों ने दुबई में 3200 दिरहम प्रतिमाह नौकरी, वीजा, टिकट व रहने-खाने का खर्च उठाने का झांसा दिया और बाद में यूरोप में नौकरी दिलाने का वादा किया। इसके लिए उससे कुल करीब 4 लाख रुपए लिए गए। पीड़ित ने 2.85 लाख रुपए ऑनलाइन और 1.15 लाख रुपए नकद चंडीगढ़ कार्यालय में दिए, साथ ही अलग-अलग एमओयू पर साइन कराते समय 20-20 हजार रुपए भी वसूले गए। 6 दिसंबर 2025 को दुबई भेजने के दौरान जयपुर एयरपोर्ट पर टिकट देने से मना कर 32500 रुपए और वसूले गए। दुबई पहुंचने पर कोई रिसीव करने नहीं आया और उसे 50 लोगों के साथ एक हॉल में ठहराया गया। जॉब आईडी नहीं मिलने पर दुबई पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। बाद में मजदूरी कर गुजारा करते हुए पीड़ित ने स्वयं प्रयास कर 18 जनवरी 2026 को जॉब आईडी बनवाई और 22 जनवरी को जयपुर लौटा। 28 जनवरी को चंडीगढ़ कार्यालय में पैसे मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली, जिस पर मुहाना थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिया कुमारी ने रामनवमी पर पेश की सादगी और संस्कार की मिसाल



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनवमी के पावन पर्व पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कन्या पूजन कर भारतीय संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। श्रद्धा, भक्ति और सादगी से परिपूर्ण इस आयोजन में छोटी-छोटी कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया, उन्हें स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया और उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया गया। पूरे कार्यक्रम में आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना संपन्न हुई, जिसके बाद उपमुख्यमंत्री ने स्वयं अपने हाथों से कन्याओं को भोजन खिलाया । इस दौरान उन्होंने हर एक बच्ची से आत्मीयता के साथ बातचीत की, उनका हालचाल जाना और उन्हें प्रोत्साहित किया। बच्चों के साथ उनका सहज और स्नेहपूर्ण व्यवहार सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं बल्कि यह हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और धर्मपालन को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि कन्या पूजन हमारी संस्कृति की वह परंपरा है, जो नारी को शक्ति स्वरूप मानते हुए उसके सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश देती है।

# एकता, संगठन और संघर्ष का संकल्प

## जाट समाज व किसान हित में उठी मजबूत आवाज

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जाट समाज सेवा संस्थान, सीकर द्वारा आयोजित होली स्नेहमिलन एवं वार्षिक आमसभा का कार्यक्रम प्रधान जी का जाव, सीकर में बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं किसान वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील उपस्थित रहे। सभा में समाज की एकता, संगठन एवं वर्तमान चुनौतियों पर गंभीर एवं सार्थक विचार-विमर्श किया गया। सभा के दौरान हाल ही में सीकर जिले में आई आंधी, वर्षा एवं ओलावृष्टि से किसानों को हुए भारी नुकसान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने बताया कि गेहूं, चना एवं प्याज बीज की फसल को व्यापक क्षति पहुंची है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामचंद्र सुंडा एवं युवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र धायल के नेतृत्व में मुख्य अतिथि राजाराम मील को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार से मांग की गई कि प्रभावित किसानों को तत्काल राहत राशि प्रदान की जाए, शीघ्र गिरदावरी कर वास्तविक रिपोर्ट तैयार की जाए, फसल बीमा कंपनियों को तुरंत मुआवजा जारी करने के निर्देश दिए जाए। साथ ही नवलगढ़, बेरी, भजनगढ़, बसावा से गोठड़ा श्री सीमेंट प्लांट तक प्रस्तावित रेल लाइन के कारण किसानों की भूमि एवं आजीविका पर पड़ने वाले संकट को लेकर भी ज्ञापन दिया गया और इस पर न्याय की मांग की गई। सभा में जाट समाज के संगठन को मजबूत करने, आपसी मतभेद समाप्त करने एवं युवा पीढ़ी को सही दिशा देने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि एकता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है और इसी के बल पर समाज हर चुनौती का सामना कर सकता है। संस्थान के अध्यक्ष रामचंद्र नेहरा एवं निदेशक रामचंद्र सुंडा ने समाजहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। संरक्षक नरेन्द्र धायल ने अपने संबोधन में समाज को एकजुट रहने एवं किसान हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर चाचा पूर्णमल, सीताराम खीचड़, मनीष खीचड़, विजेंद्र कजला, डॉ रामप्रसाद बड़ियां, राजपाल, शेरसिंह सुंडा, संतोष, सरोज चौधरी, सरिता, संगीता, मंजू, सुरज्ञान, संजू आलोदा, इंद्रा पिलानिया, सिंगारी देवी, डॉ सुशीला ढाका, कुलकिरन गढ़वाल, भोपाल सिंह, रेखाराम खीचड़, गोविंद, हरेंद्र मुड़वाडा लम्बा, रामेश्वर स्वार्थी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन समाज की एकता, किसान हितों की रक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के साथ किया गया।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारम्भ



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भाजपा युवा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ ने कस्बे के राजकीय उप जिला अस्पताल तारानगर में नवस्थापित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर राठौड़ ने कहा कि अस्पतालों में जन औषधि केंद्र खोलने का सरकार का उद्देश्य लोगों को योजना के तहत बहुत कम कीमत में सभी प्रकार की दवाई उपलब्ध करवाना है। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश जांगिड़, अजीत राठौड़, अनूप खण्डेलवाल, पीएमओ डॉ देवीलाल जोशी, नरेश सारण, लीलाधर बागोरिया, हरि इंदौरिया, विशाल शर्मा, लोकेश सरावगी, मुकेश शर्मा आदि अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। औषधि केंद्र के संचालक भैरूसिंह राठौड़ व दिलदार सिंह राठौड़ ने अतिथियों का स्वागत किया।

## बैठक 30 मार्च को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** मुख्य आयोजना अधिकारी, सीकर अंजली सैनी ने बताया कि बीस सूत्री आर्थिक कार्यक्रम की अर्जित उपलब्धियों की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 30 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में आयोजित की जायेगी।

# 12 लाख रूपये की सराफ स्कॉलरशिप का वितरण 2 को

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ अशोक सराफ द्वारा अपने पिता न्यायमूर्ति डॉ बीपी सराफ एवं पुत्र शिवम सराफ की स्मृति में स्थापित स्कॉलरशिप के बारहवें एडिशन में पात्र विद्यार्थियों की घोषणा कर दी गई है। संस्था प्रधान उषा मिश्रा ने बताया कि श्री गांधी बाल निकेतन में 11वीं एवं 12वीं कक्षाओं में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों हेतु वर्ष 2014 से स्थापित इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप के अन्तर्गत इस वर्ष 72 विद्यार्थियों को कुल 12 लाख रूपये की स्कॉलरशिप, मेडल एवं सम्मान पत्र प्रदान किये जायेंगे। कार्यक्रम प्रभारी प्रिंसिपल दीपिका शर्मा ने बताया कि आगामी गुरूवार, 2 अप्रैल को विद्यालय प्रांगण में आयोजित होने वाले इस समारोह में डॉ अशोक सराफ द्वारा इस साल वितरित किये जाने वाले 12 लाख रूपये की राशि को मिलाकर अब तक कुल 49 लाख रूपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा चुका होगा। यह राशि इस स्कॉलरशिप को अपने आप में अनूठी योजना बनाती है जो विभिन्न विद्यार्थियों को भविष्य की शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवाती है।

# गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ के 8 वें दिन 51 लाख 51 हजार आहुतियां

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** दाऊ धाम कालाकोटा में 19 मार्च से चल रहे 108 कुण्डात्मक श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ का शुक्रवार 27 मार्च को पूर्णाहुति का दिन था। ब्रह्मलीन परम संत ध्यान महाराज एवं कालीदास महाराज के शुभाशीर्वाद, परमपूज्य अनंत विभूषित श्रीमद् जगतगुरु बाहुबल द्वाराचार्य पीठाधीश्वर बलदेवाचार्य महाराज के सान्निध्य एवं भोलाशंकर दास महाराज एवं विनोद दास महाराज सहित संत महात्माओं के सहयोग से यह महायज्ञ गौमाता, नंदियों एवं विश्व कल्याण के निमित्त आयोजित किया गया। आठवें दिन तक महायज्ञ में 51 लाख 51 हजार आहुतियां लगी। यज्ञ के मुख्य यजमान सांवताराम भगत एवं गिरधरदास महाराज रहे। गुरुवार को महायज्ञ में श्रद्धालुओं, भक्तगणों, संत महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, मीडियाकर्मियों, ग्रामीणजनों, भामाशाहो की बड़ी भारी संख्या में भीड़ भाड़ रही क्योंकि सबको पता है कि अब तो महायज्ञ की पूर्णाहुति होने ही वाली है। यज्ञाचार्य पण्डित चिरंजीवी शास्त्री, उपाचार्य पण्डित श्रीराम शास्त्री सहित विद्वान पण्डितों ने आहुतियां दिलवाने का महत्वपूर्ण कार्य किया वहीं 108 विद्वान पण्डितों द्वारा पण्डित जयप्रकाश चंद शर्मा व विष्णु कुमार शर्मा की देखरेख में बनारस, उज्जैन, प्रयागराज से आए विद्वानों के द्वारा श्री गोपाल नाम के पाठ किए गए। श्रीमद्भागवत में कथावाचक भोलाशंकर महाराज ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि चौथ का चांद देखने से झूंठा दोष लगता है लेकिन श्रीमद्भागवत कथा सुनने से झूंठा लगा दोष भी मुक्त हो जाता है। कथा के वाचन में कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया और कहा कि भोजन करने से पहले भोजन के पात्र को चारों तरफ जल हाथ में लेकर घूमाना चाहिए। आचमन करके भोजन करना चाहिए। शास्त्रों के अनुसार बिना आचमन करे भोजन करना नग्न माना जाता है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार लिया गया निर्णय अच्छा होता है। इस मौके पर नई गंगा धाम के संत सिंधुदास महाराज ने एक सौ रुपये सभी विद्वानों को लेकर अपनी तरफ से सम्मानित किया। महायज्ञ के आठवें दिन श्रीमद्भागवत कथा का समापन किया गया। कथा के मुख्य यजमान के द्वारा श्रीमद्भागवतजी को सिर पर रखकर यज्ञशाला ठाकुरजी महाराज के यहां विराजमान किया गया। नौ दिनों तक चले श्री गोपाल गौपुष्टि महायज्ञ में दाऊधाम युवा सेवा समिति कालाकोटा, उदयपुरवाटी, टोडा सहित कई जगहों के 300 से भी ज्यादा सेवकों ने भण्डारे, पार्किंग, यज्ञशाला सहित व्यवस्था के लिए काम कर वाहवाही बटोरी। महायज्ञ के आठवें दिन के इस पावन मौके पर सीताराम दास महाराज बल्डवा धाम, अग्रमूलक पीठाधीश्वर रसराज महाराज वृंदावन, अजीतगढ़ पूर्व प्रधान एडवोकेट शंकरलाल यादव, कांग्रेस के युवा नेता बालेन्दु सिंह शेखावत, दीपक शर्मा की भी मौजूदगी रही।

# हाउसहोल्ड सर्वे व डिजिटल प्रवेशोत्सव का शुभारम्भ

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ ब्लॉक की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़टकनेत पीईईओ स्कूल में निदेशक माध्यमिक शिक्षा के आदेश की अनुपालना में शुक्रवार से हाउसहोल्ड सर्वे के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया। इस कार्य के लिए गढ़टकनेत की विद्यालयी टीम ने प्रधानाचार्य भीम सिंह सामोता के नेतृत्व में घर-घर जाकर आबंटित वार्डों का सर्वे कार्य शुरू किया। साथ ही शिक्षा के महत्व को बताते हुए सभी बालक-बालिकाओं को विद्यालयों से जोड़ने का प्रयास किया। 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्लस अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सुमित गुर्जर पुत्र पप्पूराम गुर्जर 92, प्रवीण सिंह पुत्र तेजसिंह 90, मिनाक्षी सैनी पुत्री सोहनलाल 88.83, राकेश देवासी पुत्र देवीलाल 88.17, नरेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र रामसिंह 85.17, कोमल सैनी पुत्री रामनिवास सैनी 81.17, अन्नू बानो पुत्री बुन्दू खां 81 के निज-आवासों में जाकर छात्र-छात्राओं का उनके अभिभावकों सहित साफा बंधवाकर, दुपट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत-अभिनन्दन-सम्मान किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भीम सिंह सामोता, उपप्राचार्य अनूप कुमारी, व्याख्याता बीरमा कुमारी, व्याख्याता सुभाष चन्द्र यादव, व्याख्याता सुरेन्द्र सिंह सामोता, वरिष्ठ अध्यापक अजय सिंह मीणा, वरिष्ठ अध्यापक लक्ष्मीनारायण सुंकरिया, वरिष्ठ अध्यापिका कल्पना मीणा, पंचायत शिक्षक गिरधारीलाल नटवाड़िया, एसएमसी/एसडीएमसी प्रतिनिधि रतनलाल जांगिड़, महेश महरिया, प्रदीप कुमार शर्मा सहित विद्यालय का अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा। 27 मार्च से 25 अप्रैल 2026 तक हाउसहोल्ड सर्वे के तहत स्कूल जाने वाले 3 वर्ष से 18 वर्ष तक के समस्त बालक-बालिकाओं का सर्वे कार्य होने लगा है। शिक्षा विभाग द्वारा घर-घर जाकर 3 से 18 वर्ष तक के बच्चों का डेटा एकत्र करने की एक डिजिटल प्रक्रिया है जिसका मुख्य उद्देश्य शाला दर्पण ऐप के माध्यम से ड्रॉपआउट और स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान कर उन्हें प्रवेशोत्सव अभियान के दौरान एडमिशन देना है। अजीतगढ़, हाथीदेह, हरदासकाबास, गढ़टकनेत, सिहोड़ी, आसपुरा, दिवराला की डोर-टू-डोर सर्वे एवं डिजिटल प्रवेशोत्सव की ग्राउंड रिपोर्ट लेने सीबीईओ अजीतगढ़ मोहनलाल डूडी गढ़टकनेत पहुंचे और उन्होंने पूरी टीम के साथ अल्पसंख्यक छात्रा अन्नू बानो के निज-आवास पर पहुंचकर छात्रा एवं उनके अभिभावकों का दुपट्टा पहनाकर, साफा बंधवाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत-अभिनन्दन-सम्मान किया।

# वार्ड सीमा गड़बड़ी पर सामाजिक कार्यकर्ता ने की शिकायत



निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** नगर क्षेत्र में वार्ड सीमा को लेकर एक बड़ी समस्या सामने आई है। सामाजिक कार्यकर्ता महावीर सैनी ने इस मुद्दे को उठाते हुए प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 21 में निवास करने वाले कई परिवार, नगर पालिका की निर्धारित सीमा के अनुसार वार्ड संख्या 16 के अंतर्गत आते हैं लेकिन वर्तमान में उनका नाम गलत वार्ड में दर्ज है। इस विसंगति के कारण आमजन को सरकारी योजनाओं और स्थानीय सुविधाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो रही है। महावीर सैनी ने कहा कि कई परिवारों के सदस्य नौकरी या अन्य कारणों से सत्यापन प्रक्रिया के दौरान उपस्थित नहीं हो पाए, जिससे उनके नाम भी दर्ज नहीं हो सके। इस संबंध में उन्होंने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सभी प्रभावित परिवारों के नाम सही वार्ड संख्या 16 में जोड़े जाएं और अनुपस्थित सदस्यों को भी दस्तावेजों के आधार पर शामिल किया जाए। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान कर आमजन को राहत प्रदान करने की अपील की है।

# नेचर पार्क विकसित करने की मांग

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** नगरपालिका क्षेत्र श्रीमाधोपुर के वार्ड नं 4 सीकर बाजार बाइपास चौराहे से 1.5 किलोमीटर अंदर पुरानी खेड़ी जाजोद रोड पर स्थित छालिया वाली जोहड़ी की 30 बीघा जमीन वर्षों से खाली पड़ी है। उपयुक्त भूमि में एक इच्छापूर्ति बालाजी का मंदिर अवस्थित है जहां रोज सैकड़ों श्रीमाधोपुर निवासी लोग घूमने तथा बालाजी के दर्शनार्थ आते है।

उपर्युक्त भूमि में 20 वर्ष पहले एक प्राथमिक विद्यालय भी बनवाया गया था। उस विद्यालय का भवन भी 20 वर्ष से खाली पड़ा है जो किसी जन हितार्थ काम नहीं आ रहा है।

वार्डवासियों ने क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य के नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के प्रतिनिधि अजय सिंह खर्रा को ज्ञापन सौंप कर निवेदन किया है कि उपर्युक्त भूमि में एक नेचर पार्क तथा उक्त भवन को जन हितार्थ उपयोगी बनाने के लिए वहां कोई सरकारी विभाग की स्थापना करवाने की कृपा करे।

# हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा 3 को

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्री हनुमन्त शोभायात्रा समिति जयपुर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रुद्र अवतारी अजर-अमर भगवान श्री हनुमान जी महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष पर विशाल शोभायात्रा 3 अप्रैल को सायंकाल सांगानेरी गेट स्थित हनुमानजी के मंदिर से निकाली जाएगी। शोभायात्रा सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर से रवाना होकर जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, इंदिरा बाजार, खजाने वालों के रास्ते होती हुई चांदपोल दरवाजे स्थित भगवान श्री हनुमानजी महाराज के मंदिर पहुंचेगी।

# लापरवाही : नाले का अधूरा निर्माण बन रहा हादसों का सबब

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के तेली रोड तिराहे पर नगरपालिका ठेकेदार की गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहां नाला निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। जिससे आमजन की जान जोखिम में पड़ गई है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा नाले का निर्माण बिना चैंबर बनाए ही बीच में रोक दिया गया। जिसके कारण नाला पूरी तरह खुला पड़ा है। इस लापरवाही के चलते आए दिन हादसों की आशंका बनी हुई है। शुक्रवार को यहां एक बाइक सवार खुले नाले में औंधे मुंह गिर गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बाहर निकाला, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। गौरतलब है कि तेली रोड तिराहा शहर का मुख्य टी प्वाइंट है। जहां से दिनभर बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों द्वारा इस गंभीर समस्या की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों में स्थानीय पूर्व पार्षद मोहम्मद नदीम के पास पहुंचकर भारी रोष जताया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द नाला निर्माण कार्य पूरा करवाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

**इनका कहना है:** निर्माण कार्य की प्रक्रिया चालू है इसलिए समस्या हो रही है। नाले का अधूरा निर्माण शीघ्र पूर्ण कर आमजन को राहत प्रदान की जाएगी। हरेंद्र चौधरी, अधिशाषी, अधिकारी नपा लाडनूं

# जिला स्तरीय होली स्नेह मिलन समारोह व आम सभा कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** रावणा राजपूत सभा समिति के तत्वावधान में रावणा राजपूत समाज का जिला स्तरीय होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन 29 मार्च रविवार को सुबह 11 बजे राजकीय सिटी डिस्पेंसरी नंबर दो के पीछे स्थित गोगामेड़ी रावणा राजपूत सभा भवन में होगा। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी आनंद सिंह कच्छावा ने बताया कि होली मिलन समारोह व साधारण आम सभा की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष स्वरूप सिंह चौहान करेंगे। आम सभा में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के विधिवत निर्वाचन हेतु निर्वाचन मंडल के विस्तार पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

आयोजन समिति के संयोजक भगवान सिंह गहलोत तथा सहसंयोजक देवेंद्र सिंह खेजोलिया के अनुसार होली मिलन समारोह में फूलों से होली खेली जाएगी और होली गीत धमाल नृत्य आदि की प्रस्तुतियां दी जाएगी। समारोह आयोजन संचालन कार्यवाहक जिला सचिव संजय चंदेल कार्यकारिणी सदस्य गोविंद सिंह राठौर एवं कार्रवाई लेखन कार्यवाहक उपाध्यक्ष साजन सिंह द्वारा किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190